हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 320, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 मई, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## निकाय चुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व और प्रचंड जीत

### सपा-बसपा के मंसूबों पर फिरा पानी, कांग्रेस फिर कहीं की न रही




लखनऊ। पिछले महीने अधिसूचना जारी होते ही शुरू हुआ नगरीय निकाय चुनाव का शोर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के विजय शंखनाद में गुम हो गया। भाजपा ने नगरीय निकाय चुनावों में अभूतपूर्व और प्रचंड जीत हासिल की है। पार्टी ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ करते हुए अपना झंडा गाड़ दिया है।

सूबे की 199 में से 175 नगर पालिका परिषदों के लिए अब तक घोषित किए गए परिणामों में 79 नगर पालिकाओं में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी जीते हैं। वहीं 544 में से 511 नगर पंचायतों के लिए घोषित किए गए नतीजों में 181 नगर पंचायतों में उसके अध्यक्ष प्रत्याशियों को विजयश्री मिली है। इस जीत ने भाजपा को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नई ऊर्जा दी है।

**रुझान आते ही जश्न का माहौल**– गौरतलब है कि पिछले निकाय चुनाव में भाजपा को 16 में से 14 नगर निगमों में जीत मिली थी, जबकि उसे 198 में से 70 नगर पालिकाओं और 483 में से 100 नगर पंचायतों में विजय हासिल हुई थी। निकाय चुनाव के रुझान आते ही भाजपा के प्रदेश समेत जिला कार्यालयों में जश्न का माहौल छाने लगा और परिणाम आते ही धूम-धड़ाका और मिठाइयां बंटने लगी।

**दो घंटे में मिलने लगे संकेत**– प्रदेश के 760 नगरीय निकायों के लिए हुए चुनाव के लिए मतगणना शनिवार सुबह आठ बजे शुरू हुई। पहले दो घंटे में ही यह संकेत मिलने लगे कि भाजपा बड़ी जीत हासिल करने जा रही है। आगरा, सहारनपुर और मेरठ में शुरूआती दौर में पिछड़ने के बाद भाजपा ने वहां भी जीत की ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए।

**32 पदों पर सपा सिमटी**– दूसरी ओर समाजवादी पार्टी पिछली बार की तरह इस मर्तबा भी नगर निगमों में खाता नहीं खोल सकी। नगर पालिकाओं में भी उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव की तुलना में फीका रहा। पिछली बार सपा ने नगर पालिका अध्यक्ष के 45 पदों पर जीत हासिल की थी, इस बार उसे अब तक 32 पदों पर जीत से संतोष करना पड़ा है।

**विरोधियों को दहलाने वाली बसपा के हाथ खाली**– नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पिछली बार के 83 पदों की तुलना में अब तक सिर्फ 73 ही आ सके हैं। बहुजन समाज पार्टी को भी निकाय चुनाव में धक्का लगा है। पिछले चुनाव में मेरठ और अलीगढ़ नगर निगमों में हाथी की चिंघाड़ से विरोधियों को दहलाने वाली बसपा इस बार नगर निगमों में खाली हाथ रह गई है।

**आप ने बढ़ाया दखल**– नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव की तुलना में निराशाजनक रहा। बसपा के सिर्फ 12 पालिका अध्यक्ष व 31 नगर पंचायत अध्यक्ष ही अब तक जीत सके हैं। आप ने अलबत्ता निकाय चुनाव में अपना दखल बढ़ाया है। पिछले चुनाव में उसके दो नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जीते थे तो इस बार तीन। रामपुर की नगर पालिका सीट समेत तीन नगर पंचायतें उसके खाते में आ गई हैं। कांग्रेस का प्रदर्शन भी पिछले चुनाव की तुलना में कमतर रहा।

## कर्नाटक में कोई 'सिंधिया' नहीं हैं... ऑपरेशन लोटस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का तंज

नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। रुझानों में कांग्रेस ने बहुमत हासिल कर लिया है। इस बीच मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम व कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ऑपरेशन लोटस को लेकर आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा करोड़ों रुपये खर्च करेगी तो 'ऑपरेशन लोटस' हो सकता है, लेकिन कांग्रेस को बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कोई सिंधिया नहीं हैं। कर्नाटक में मजबूत कांग्रेसी हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा का प्लान-बी खरीद



फरोख्त है। ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने के लिए उनके पास अपार पैसा इकट्ठा हो गया है। कई कॉरपोरेट्स के हजारों करोड़ रुपये उनके पास हैं। अगर वे 20 हजार करोड़ रुपये में से हजार करोड़ खर्च कर लेते हैं तो ऑपरेशन लोटस हो सकता है। उन्होंने सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में कोई सिंधिया नहीं हैं और वहां मजबूत कांग्रेसी हैं।

## कर्नाटक में कांग्रेस को मिली जीत, इमरान प्रतापगढ़ी बोले- राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनावों की मतगणना में कांग्रेस ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्हें अब तक 136 सीटें हासिल हुई है, वहीं, बीजेपी पूरी तरह से पिछड़ गई है। राज्य में पार्टी की जीत से कांग्रेस कार्यकताओं में जोश है। वहीं, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा सहन की गई "तकलीफ की जीत" है।



**'धर्म के ऊपर भाजपा की राजनीति की है हार'**– इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के खिलाफ कर्नाटक के लोगों की जीत है और धर्म के ऊपर भाजपा की राजनीति की हार है। यह पीएम मोदी और अमित शाह के नैरेटिव के खिलाफ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की जीत है। प्रतापगढ़ी ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा सहन किए गए सभी कष्टों की जीत है।

**राज्य की सत्ता में कांग्रेस ने की वापसी**– कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने पूरी तरह से बीजेपी को पछाड़ दिया है और दोबारा से सत्ता में वापसी कर ली है। कांग्रेस ने कर्नाटक की 224 सीटों में से 137 सीटों पर अपनी जीत दर्ज की है। वहीं बीजेपी 63 सीटों पर ही सिमट कर रह गई है। वहीं, जनता दल (सेक्युलर) को 20 सीटें मिली हैं। 5 पर निर्दलीय और कल्याण राज्य प्रगति पक्ष और सर्वोदय कर्नाटक पक्ष एक-एक सीट पर आगे चल रहे हैं।

**कांग्रेस को मिले 43 फीसदी वोट शेयर**– कांग्रेस पार्टी ने वोट शेयर में बीजेपी पर करीब सात फीसदी की बढ़त बनाई हुए है। राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीटों के रुझान अब उपलब्ध हैं। कांग्रेस के पास 43 फीसदी वोट शेयर है, जबकि बीजेपी के लिए यह 36 फीसदी और जेडी (एस) के लिए 13 फीसदी वोट शेयर है।

**पीएम को हुआ नुकसान**– कर्नाटक में कांग्रेस को मिली जीत से दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। हालांकि, रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए इमरान ने इसे भाजपा की तुलना में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए नुकसान कहा, क्योंकि पीएम बड़े पैमाने पर चुनाव प्रचार में शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह 2024 के आम चुनाव तक राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेगा।

**भाजपा ने कर्नाटक को बदला नफरत में**– इमरान प्रतापगढ़ी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने कर्नाटक को नफरत में बदल दिया, चाहे वह हिजाब हो, हलाल या आरक्षण का मुद्दा हो, जबकि लोगों ने राहुल गांधी की राजनीति में अंतर देखा और हमारी पार्टी को वोट दिया।

## समस्तीपुर में एक ही चिता पर हुआ मां-बेटे का अंतिम संस्कार, लोगों की आंखें हुईं नम, सड़क हादसे में हुई थी मौत

विभूतिपुर (समस्तीपुर)। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत वॉर्ड- 11 निवासी भरत पंडित की पत्नी सविता देवी और पुत्र दिव्यांशु कुमार की मौत रोसड़ा-समस्तीपुर मार्ग पर मुरियारो चौर के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में हो गई थी। मृतक के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद गांव लाया गया। ये मंजर देख देख परिवार में कोहराम मच गई। मां-बेटे का शव देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार की सुबह एक हीं अर्थी पर मां-बेटे का शव सिंघियाघाट बूढ़ी गंडक नदी के बालू घाट पर ले जाया गया। जहां एक ही चिता पर मां-बेटे का अंतिम संस्कार किया गया। भरत पंडित ने अपनी पत्नी और पुत्र को मुखाग्नि दी। यह देख लोगों की आंखें नम हो गईं। बताया जाता है कि ऑटो और स्कॉर्पियो के बीच बीते गुरुवार को आमने-सामने जोरदार टक्कर में ऑटो चालक समेत करीब 6 लोग



जख्मी हो गए थे। इसमें ऑटो चालक उपेंद्र दाहा के पुत्र मुकेश कुमार का इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वहीं मृतका सविता देवी की चचेरी बहन और अरविंद पंडित की पत्नी रिंकू देवी समेत अन्य घायलों का भी इलाज जारी है। बताया जाता है कि जख्मी रिंकू देवी और मृतका सविता देवी दोनों चचेरी बहन थीं। दोनों की शादी सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण वॉर्ड- 11 में महज कुछ ही दूरी पर हुई थी। बीते गुरुवार को मायके इलमासनगर में चचेरी बहन की शादी में शामिल होने सविता देवी बेटे और अपनी बहन रिंकू देवी के साथ गांव से जा रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। बताया जाता है कि सविता अपने पीछे 7 साल की बेटी दिव्या कुमारी को छोड़ गई है।

## 'सोनिया गांधी का जेल आना मैं नहीं भूल सकता...' कांग्रेस की जीत पर भावुक हुए डीके शिवकुमार

बेंगलुरू। रुझानों में कांग्रेस की बड़ी बढ़त बनते हुए कर्नाटक में सरकार बनाती दिख रही है। इस दौरान डी के शिवकुमार चुनावों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया समय भावुक हो गए। उन्होंने राज्य में उनके नेतृत्व में भरोसा जताने का श्रेय गांधी परिवार को दिया। गालों पर आंसू छलकते हुए पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार ने जीत के लिए पार्टी कार्यकताओं और नेताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान से कहा है कि वह कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे। शिवकुमार ने दबी आवाज में कहा कि मैं पार्टी कार्यकताओं और पार्टी की जीत का श्रेय सभी नेताओं को देता हूं। लोगों ने हम पर विश्वास जताया है और नेताओं ने हमारा समर्थन किया है। यह एक सामूहिक नेतृत्व है और हमने मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि मैंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और AICC अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खड़गे से कहा था कि हम कर्नाटक का उद्धार करेंगे। मैं सोनिया गांधी का मुझसे मिलने आना नहीं भूल सकता, जब 'बीजेपी के लोगों' ने मुझे जेल में डाल दिया था। यह विश्वास गांधी परिवार, कांग्रेस और पूरे देश ने मुझ पर जताया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, विधायकों और पार्टी के सभी पदाधिकारियों सहित राज्य में नेताओं को भी धन्यवाद दिया। कर्नाटक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार को जनता ने बड़ी जीत दी है। कनकपुरा सीट से उम्मीदवार डीके शिवकुमार 1.5 लाख वोट से चुनाव जीते चुके हैं। वह 7 बार विधायक रहे हैं, जबकि इस सीट से उनकी लगातार चौथी जीत है। डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी हैं।

## हम हिंदू-मुस्लिम नहीं, हिंदू-हिंदू करने आए हैं : बागेश्वर बाबा

पटना। बागेश्वर बालाजी धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार सुबह 8.00 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। धीरेंद्र शास्त्री की झलक पाने के लिए लोग आतुर दिखे। पटना एयरपोर्ट पर बागेश्वर बाबा ने भोजपुरी में बोलकर लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश की। पूछा- सब ठीक बा रौआ? यह भी कहा कि बिहार आकर बहुत आनंद आ रहा है। वहीं, बागेश्वर बाबा ने राजनीतिक बयानबाजी से परहेज किया।




**दिल में बसता है बिहार, अब यहां बहार आएगी**– धीरेंद्र शास्त्री ने पटना एयरपोर्ट पर कहा कि बिहार हमारी आत्मा है और यह हमारे दिल में बसता है। सच बोलें तो बिहार के लोगों जैसा ह्दय कहीं के लोगों का नहीं होता है। बिहार में अब बहार आएगी। यह पूछने पर कि आप यहां हिंदू-मुस्लिम करेंगे तो आपका विरोध किया जाएगा, उन्होंने कहा कि वे हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि हिंदू-हिंदू करने वाले लोग है साहब। राजनेता नहीं है। हनुमत कथा सनातन धर्म की बात कहती है और हम उसकी ही बात करते हैं।

**आगवानी करने गिरिराज सिंह और रामकृपाल यादव भी पहुंचे**– बाबा सुबह आठ बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी और राम कृपाल यादव, गिरिराज सिंह उनके साथ दिखे। वहां उन्होंने स्वागत करने वाली भीड़ को कहा- बिहार हमार बा...रउआ सब ठीक बानी ना...।' हिंदू राष्ट्र के सवाल पर कहा कि वे राजनेता नहीं हैं। बता दें कि पटना एयरपोर्ट पर बागेश्वर बाबा के साथ सांसद और भोजपुरी गायक मनोज तिवारी थे। मनोज तिवारी खुद धीरेंद्र शास्त्री को गाड़ी ड्राइव कर होटल ले गए। धीरेंद्र शास्त्री होटल में नाश्ता और विश्राम के बाद करीब 26 किलोमीटर दूर नौबतपुर के तरेत पाली वैष्णव पीठ प्रांगण में हनुमत कथा के लिए जाएंगे। यह वैष्णव पीठ 1833 से संचालित है। जिसके प्रधान स्वामी सुदर्शनाचार्य उर्फ सुमिरन बाबा है। यहां वेद, संस्कृत, व्याकरण और आयुर्वेद की शिक्षा प्राचीन काल से दी जाती है। प्राचीन गुरुकुल परंपरा के तहत यहां शिक्षा दी जाती है। कृषि, पशुधन सेवा यहां की विशेषता है।

## मैनकाइंड के ऑफिस में पिछले 60 घंटे से आयकर विभाग की छापेमारी जारी, कंप्यूटर्स का डाटा खंगाला

मेरठ। मेरठ में कर चोरी की जांच में जुटे आयकर विभाग की ओर से मैनकाइंड फार्मा के परिसरों पर तीसरे दिन भी छापेमारी जारी रही। दिल्ली रोड स्थित सीएनएफ संचालक संजय बंसल के कार्यालय में 40 से अधिक कंप्यूटरों से बिल और आय-व्यय से जुड़ा डाटा खंगाला। पुराने बिलों और हार्ड डिस्क के डाटा की भी जांच की गई। इसके साथ ही अन्य कई जरूरी दस्तावेज जुटाए गए। आयकर कार्यालय दिल्ली से आए पांच अधिकारियों ने लगातार 36 घंटे तक विभिन्न दस्तावेजों और बिलों की जांच की। जानकारी मिली है कि सीएनएफ मेरठ से पश्चिम उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड में भी कंपनी उत्पादों की सप्लाई की जाती है। जांच के दौरान सीएनएफ संचालक संजय बंसल और अजय बंसल के बेटे के साथ अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। सूत्रों के अनुसार मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, एमडी राजीव जुनेजा सहित अन्य से भी जानकारियां जुटाई जा रहीं हैं। कंपनी एंटीबायोटिक्स, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनाल, कार्डियोवास्कुलर, डर्मल सहित कई तरह की दवाएं और अन्य उत्पाद बनाती है। इसके साथ ही जेनेरिक ड्रग्स, ओटीसी, एफएमसीजी उत्पाद भी तैयार करती है। वर्ष 2022 के आंकड़ों




के अनुसार कंपनी में 16000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। आयकर की टीम छापेमारी में मिले दस्तावेजों के आधार पर यह जांच कर रही है कि कितने स्तर पर कर चोरी या अन्य गड़बड़ियां की गई हैं। वहीं, कंपनी ने दावा किया है कि उसकी ओर से कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

## गृह मंत्रालय ने 130 वर्ष पुराने जेल अधिनियम में किया बदलाव, आधुनिक जेल अधिनियम-2023 बनकर हुआ तैयार

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने 130 वर्ष पुराने जेल अधिनियम में बदलाव कर व्यापक 'माडल जेल अधिनियम-2023' तैयार कर लिया है। नए जेल अधिनियम में पुराने जेल अधिनियमों के प्रासंगिक प्रविधानों को भी शामिल किया गया है। यह राज्यों और उनके कानूनी क्षेत्र में मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करने में सहायक होगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लिया गया।

**आजादी से पहले के काल का अधिनियम था जेल अधिनियम**–1894– जेल अधिनियम-1894 आजादी से पहले के काल का अधिनियम था। इसका मुख्य उद्देश्य अपराधियों को हिरासत में रखना और जेल में अनुशासन व व्यवस्था बनाना था। मौजूदा अधिनियम में कैदियों के सुधार और पुनर्वास का कोई प्रविधान नहीं है। गृह मंत्रालय ने बयान में कहा कि आज जेलों को प्रतिशोधात्मक निवारक के रूप में नहीं देखा जाता है अपितु इन्हें शोधनालय एवं सुधारात्मक संस्थानों के रूप में देखा जाता है, जहां कैदी बदलकर एवं पुनर्वासित होकर कानून का पालन करने वाले नागरिक की भांति समाज में लौटे।



**मौजूदा कारागार अधिनियम में हैं कई खामियां**– गृह मंत्रालय ने महसूस किया कि मौजूदा कारागार अधिनियम में कई खामियां हैं। मौजूदा अधिनियम में आज की आवश्यकताओं और जेल प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करने का संशोधन करने की आवश्यकता थी। आधुनिक दिनों की आवश्यकता और सुधारात्मक विचारधारा के साथ गृह मंत्रालय ने जेल अधिनियम-1984 को संशोधित करने का काम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो को सौंपा।

**पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने तैयार किया ड्राफ्ट**– मालूम हो कि ब्यूरो ने राज्य जेल अधिकारियों और सुधारात्मक विशेषज्ञों से बातचीत के बाद जेल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के उपयोग, अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए पैरोल, फरलो, कैदियों को छूट देने के लिए प्रविधान करना, महिलाओं व ट्रांसजेंडर कैदियों के लिए विशेष प्रविधान करने आदि को शामिल कर ड्राफ्ट तैयार किया। गृह मंत्रालय ने 'जेल अधिनियम-1894' , ' कैदी अधिनियम-1900' और 'कैदियों के स्थानांतरण अधिनियम-1950' की भी समीक्षा की है। इन अधिनियमों के प्रासंगिक प्रविधानों को 'माडल जेल अधिनियम-2023' में शामिल किया गया है।

## मणिपुर में दो जगह सेना पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान घायल-ऑपरेशन जारी, हथियार गोला-बारूद बरामद

इंफाल। हिंसाग्रस्त मणिपुर में सेना और पुलिस पर उग्रवादियों के हमले का सिलसिल रूक नहीं रहा है। शनिवार को मणिपुर के दो जिलों में सेना और असम राइफल्स के संयुक्त पेट्रोल टीम पर हमले किए गए। पहला हमला सेनापति जिले में सुबह करीब 11.25 बजे हुआ जबकि दूसरा हमला चुराचांदपुर जिले में दोपहर करीब 12.45 बजे हुआ। इस हमले में असम राइफल्स के दो जवान घायल हो गए हैं। चुराचांदपुर में उग्रवादियों के खिलाफ अभी भी ऑपरेशन जारी है। हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में शांति बहाली के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर की पुलिस लगातार गश्त कर रही है। इस बीच, शनिवार को सेनापति जिले के सिपिजंग गांव के पास जंगल में सुबह करीब 11.25 बजे उग्रवादियों ने असम राइफल्स की पेट्रोल टीम पर फायरिंग कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की। इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जवानों के जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए। इसके बाद सर्च ऑपरेशन में जवानों ने दो राइफल और गोलाबारूद बरामद किया।



दूसरी घटना, चुराचांदपुर जिले के लैलमपत में दोपहर 12:45 बजे वन क्षेत्र से सेना और असम राइफल्स के संयुक्त गश्ती दल पर उग्रवादियों ने गोलीबारी की। गोली लगने से असम राइफल्स के दो जवान घायल हो गए। उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। सेना और असम राइफल्स का उग्रवादियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।

## संपादकीय

# शिकायत और समाधान

कुश्ती महासंघ में यौन उत्पीड़न को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच यह चिंताजनक तथ्य उजागर हुआ कि तीस में से पंद्रह खेल महासंघों में व्यवस्थित आंतरिक शिकायत समिति नहीं है। कुश्ती महासंघ समेत पांच खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित ही नहीं है। कुछ खेल संघों में समिति तो है, पर उनमें कोई कोई योग्य सदस्य नहीं है। कुछ में कोई बाहरी सदस्य नहीं है। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने खेल संघों से जवाब तलब किया है। यौन उत्पीड़न कानून के तहत हर संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। विशाखा कानून के तहत यह प्रावधान इसलिए किया गया था कि अगर किसी संस्थान में किसी महिला के यौन उत्पीड़न का प्रयास किया जाता है, तो वह उस समिति के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उस समिति को अधिकार दिए गए हैं कि वह दोषी व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सके। इस व्यवस्था की वजह से संस्थानों, निजी कंपनियों आदि में महिलाओं के साथ पुरुषों के व्यवहार में बदलाव भी देखा गया। कई मामलों में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई। कइयों को अपनी नौकरी तक गंवानी पड़ी। मगर हमारे देश में संस्थानों का स्वरूप भी हमारे समाज की तरह का ही है, इसलिए वहां भी पुरुष मानसिकता आड़े आती है। खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित न किए जाने के पीछे भी यही मानसिकता काम करती देखी जा सकती है। इन समितियों में संस्थान के भीतर के कुछ ऐसे कर्मचारियों को सदस्य बनाया जाता है, जो यौन उत्पीड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। उनमें महिला कर्मचारियों को तरजीह दी जाती है। फिर कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि उन समितियों में कुछ योग्य बाहरी लोगों को भी सदस्य बनाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि संस्थानों के भीतर किसी प्रकार के पक्षपात आदि के चलते शिकायतकर्ता को अन्याय का शिकार न होना पड़े। मगर इन नियमों का पूरी तरह पालन करना तो दूर, कई संस्थान आंतरिक समिति गठित करने की अनिवार्यता को ही धता बताते नजर आते हैं। इसके पीछे का मकसद जाहिर है। न समिति रहेगी, न कोई महिला शिकायत दर्ज कराएगी। फिर यह भी किसी से छिपी बात नहीं है कि कार्यालयों में अपने खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर महिलाएं अदालत का रुख करने में हिचकती हैं। हालांकि जिन संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया भी गया है, उनमें से बहुतों में पक्षपात की शिकायतें मिलती हैं। चूंकि समिति में उसी संस्थान के कर्मचारी सदस्य होते हैं, इसलिए उनमें किसी एक के प्रति झुकाव स्वाभाविक है। फिर ये समितियां समझा-बुझा कर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास करती हैं। इस तरह मामला तो दब जाता है, पर प्रवृत्ति नहीं खत्म हो पाती। पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आंतरिक शिकायत समिति होने से कमार्चारियों पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव काम करता है। अगर कुश्ती महासंघ में सशक्त आंतरिक शिकायत समिति गठित होती, तो महिला खिलाड़ियों को शायद इस तरह अपने उत्पीड़न की पीड़ा को सिसक-सिसक कर सहन न करना पड़ता। उन्हें अपने प्रति हुए दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर सड़क पर न उतरना पड़ता। वह समिति मामले को कानूनी ढंग से निपटाने का प्रयास करती। देखने की बात है कि खेल महासंघ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सवाल पर क्या जवाब देते और इस मसले पर कितनी गंभीरता दिखाते हैं।

## राह नहीं आसान!



मिल रहीं चुनौतियां ।
राह नहीं आसान ।।
करनी विजय हासिल तो ।
फूंको फिर से जान ।।
ठीक नहीं है सब कुछ ।
हुआ उल्टा खेल ।।
जिसने नहीं निभाया ।
कसना फिर नकेल ।।
हार और जीत का तो ।
रहता बजता गाना ।।
ली है जिम्मेदारी तो ।
पेश करो नजराना ।।
मंथन का है विषय ।
हुई कहां पर चूक ।।
धीरे धीरे रथ क्यों ।
रहा आखिर रुक ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# आध्यात्मिक 'हिन्दू राष्ट्र' के समर्थक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी!



**प्रस्तावना** : आज हिन्दू राष्ट्र, विषय पर सर्वत्र चर्चा हो रही है । भारत में हिन्दू राष्ट्र के कट्टर (पराक्रमी) समर्थक हैं, साथ ही अज्ञानवश अथवा हिन्दुत्व के प्रति द्वेष के कारण उसके विरोधी भी हैं । कुछ लोग हिन्दू राष्ट्र की ओर जातीय अथवा धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं, तो कुछ लोग राजकीय संकल्पना के दृष्टिकोण से देखते हैं ! किसी को हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना लोकतंत्र विरोधी एवं असंवैधानिक लगती है, तो किसी को वह अन्य धर्मियों पर अन्याय करनेवाली लगती है ! किसी को लगता है कि किसी पक्ष को बहुमत अर्थात हिन्दू राष्ट्र, तो किसी को लगता है हिन्दू अर्थात पिछडापन ! संक्षेप में, हिन्दू राष्ट्र के विषय में जनमानस में भिन्न-भिन्न विचारधाराएं देखने को मिलती हैं । ऐसी परिस्थिति में लगभग 25 वर्ष पूर्व, अर्थात जब ऐसी स्थिति थी कि हिन्दुत्व का समर्थन करना भी अपराध लगत था, तब ईश्वरीय राज्य का अर्थात हिन्दू राष्ट्र का समर्थन करनेवाले एवं हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना सुस्पष्टता से प्रस्तुत करनेवाले व्यक्तित्व थे सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवलेजी ! सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी ने हिन्दू राष्ट्र की आवश्यकता दृढता से प्रतिपादित करने के साथ ही हिन्दू राष्ट्र स्थापना की दिशा भी स्पष्ट की । उन्होंने इस विषय में हिन्दू राष्ट्र क्यों चाहिए ?, हिन्दू राष्ट्र : आक्षेप एवं खंडन, हिन्दू राष्ट्र की स्थापना की दिशा इन ग्रंथों की भी निर्मिति की । ये ग्रंथ हिन्दुत्व के अभियान में कार्यरत लोगों के लिए जितने मार्गदर्शक हैं, उतने ही हिन्दू राष्ट्र विरोधियों को भी इसकी जानकारी देते हैं कि वास्तव में हिन्दू राष्ट्र कैसा होगा। सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी के 81 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रस्तुत इस लेख में उनके आध्यात्मिक हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना पर प्रकाश डालनेवाले उनके ही तेजस्वी विचार दिए हैं । उसे पढकर हिन्दू राष्ट्र के अभियान में सम्मिलित होने की प्रेरणा हो, ऐसी ईश्वर चरणों में प्रार्थना है !

**1. हिन्दू किसे कहें ?** : हिन्दू किसे कहें, यह एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है । हिन्दू राष्ट्र की आध्यात्मिक संकल्पना में जन्म-हिन्दू अर्थात जो केवल जन्म से हिन्दू हैं, वे हिन्दू, ऐसी व्याख्या नहीं है । मेरुतंत्र नामक धर्मग्रंथ में हीनं दूषयति इति हिन्दुः । हिन्दू शब्द का ऐसा अर्थ दिया है । अर्थात जो हीनता का (हीन कर्म एवं गुण का) त्याग करता है, वह हिन्दू ! संक्षेप में, हममें हीन गुणों एवं अनिष्ट शक्तियों का त्याग करनेवाले अर्थात सात्त्विक प्रवृत्ति के लोगों को हिन्दू कहें । ऐसे सत्त्वगुणी व्यक्ति मैं एवं मेरा ऐसा संकुचित विचार त्याग कर विश्व के कल्याण का विचार करते हैं । हिन्दूपन की इस व्याख्या पर ध्यान देंगे तो यह स्पष्ट होता है कि जन्म से हिन्दू; परंतु कर्म से अथवा गुणों से बुरे व्यक्ति को हिन्दू नहीं कह सकते तथा जन्म से भले ही अहिन्दू हों, परंतु अच्छे कर्म एवं गुणों से युक्त लोगों को हिन्दू कह सकते हैं । हिन्दू राष्ट्र अर्थात (जन्म से) हिन्दुओं का राष्ट्र नहीं, अपितु विश्व कल्याणार्थ कार्यरत सात्त्विक लोगों का राष्ट्र ! इसलिए हिन्दू राष्ट्र में अन्य पंथियों का क्या होगा, यह प्रश्न ही निरर्थक है।

**2. हिन्दू राष्ट्र की आवश्यकता** : पूरे विश्व में 152 से अधिक ईसाई राष्ट्र, 57 से अधिक इस्लामी राष्ट्र, 12 बौद्ध राष्ट्र हैं; इतना ही नहीं अपितु यहूदयों का भी एक स्वतंत्र ज्यू राष्ट्र है; परंतु इस पृथ्वी पर 100 करोड से भी अधिक हिन्दुओं का एक भी हिन्दू राष्ट्र नहीं!

आज सेक्युलर व्यवस्था में पूरे देश में आतंकवाद का साया है । अनेक प्रदेश नक्सलग्रस्त हैं, किसान आत्महत्या कर रहे हैं; मंहगाई से सर्वसामान्य लोगों का जीवन यापन भी दूभर हो गया है, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सुस्त प्रशासन, विलंब से मिलनेवाले न्याय आदि समस्याएं दिनों-दिन बढती ही जा रही हैं। संक्षेप में, लोकतंत्र को अपेक्षित लोगों का हित का ध्यान रखने के लिए विद्यमान व्यवस्था असफल रही है । आज हिन्दूबहुल भारत में सर तन से जुदा करने की खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं, तो दूसरी ओर हिन्दुओं की धर्मश्रद्धा, अस्मिता एवं परंपराओं पर अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के नाम पर अश्लील टीका-टिप्पणी की जाती है । देश के लगभग 10 राज्यों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं । जिहादी आतंकवाद के कारण कश्मीर से विस्थापित हुए कश्मीरी हिन्दू आज भी अपने मूलस्थान वापस नहीं जा पाए हैं । दीर्घकालीन संघर्ष के उपरांत आज श्रीराममंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, तब भी मथुरा का श्रीकृष्णमंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ इस्लामी ढांचे में दबा दिए गए सैकडों मंदिर आज भी मुक्ति की प्रतीक्षा में हैं । इस परिस्थिति में परिवर्तन लाने के लिए हिन्दू राष्ट्र की आवश्यकता है । हिन्दू राष्ट्र ही पूरे देश में सभी समस्याओं का उत्तर है । हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना कोई राजनीति नहीं, अपितु वह राष्ट्रनिष्ठ एवं धर्माधिष्ठित जीवन यापन की एक प्रगल्भ संस्कृति एवं व्यवस्था होगी।

**3. हिन्दू राष्ट्र की मांग संवैधानिक ही है!** : अनादि काल से हिन्दू राष्ट्र ही भारत की पहचान थी। इस्लामी एवं ब्रिटिश के शासन काल में भी हिन्दू राजाओं ने इस पहचान को टिकाए रखा था। वर्ष 1976 के आपातकालीन समय (इमरजेंसी) में जब विरोधी पक्ष कारागृह में बंद था, तब इंदिरा गांधी ने असंवैधानिक पद्धति से 42 वीं बार संविधान सुधार कर भारतीय संविधान में सेक्युलर एवं समाजवाद शब्द घुसेड दिए । सेक्युलर शब्द की अबतक कोई भी अधिकृत व्याख्या नहीं की गई है; परंतु सेक्युलरपन के नाम पर हिन्दूबहुल भारत में हिन्दू ही असुरक्षित हो गए हैं । यदि संविधान सुधार कर भारत को सेक्युलर घोषित किया जा सकता है, तो अब भी संविधान में सुधार कर भारत को हिन्दू राष्ट्र क्यों नहीं किया जा सकता है ? वर्ष 1947 में धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हुआ । यदि उस समय भारत के मुसलमानों को इस्लामी सिद्धांत के आधार पर पाकिस्तान मिला, तो हिन्दुओं के लिए भारत हिन्दू राष्ट्र होना चाहिए था; परंतु वह नहीं हुआ । यह चूक अब सुधारनी चाहिए ।

**4. हिन्दू राष्ट्र पिछडा नहीं, अपितु समृद्धशाली** : भारत हिन्दू राष्ट्र होना अर्थात एक कदम पीछे जाने समान है, ऐसा बताया जाता है; परंतु इसमें थोडा भी तथ्य नहीं ! प्राचीन भारत में सनातन वैदिक हिन्दू धर्म को राजाश्रय होने से यह राष्ट्र ऐहिक (व्यावहारिक) एवं पारमार्थिक (आध्यात्मिक) दृष्टि से प्रगति पथ पर थे। इसी लिए सुसंस्कृत एवं समृद्ध समाज, उत्तम वर्णव्यवस्था, आचार-विचारों की शुद्धि एवं आदर्श कुटुंब व्यवस्था, इन सभी बातों की निर्मिति इस हिन्दू धर्माधिष्ठित राष्ट्र में हुई थी। एंगस मेडिसन नामक विदेशी अर्थतज्ञ के अनुसार 17 वीं शताब्दी में वैश्विक व्यापार में भारत के अकेले का योगदान लगभग 25 प्रतिशत तक था । तब भारत सेक्युलर नहीं था, परंतु वैभव के शिखर पर था । इसलिए धर्माधिष्ठित व्यवस्था ही हिन्दू राष्ट्र की नींव होगी ।

**5. धर्माचरण ही धर्मराज्य की (हिन्दूराष्ट्र की) नींव** : सर्व समाज धर्मनिष्ठा, राष्ट्रनिष्ठा, कर्तव्यभावना, नैतिकता, चारित्र्यसंपन्नता इत्यादि गुणों से युक्त होना, यह आदर्श समाज-व्यवस्था का उद्देश्य है । उसके लिए धर्म महत्त्वपूर्ण घटक है; कारण धर्म के आधार पर ही मनुष्य का अभ्युदय साधा जाता है, अर्थात लौकिक एवं पारमार्थिक जीवन उन्नत होता है एवं मोक्षप्राप्ति होती है । इसलिए धर्माधिष्ठित व्यवस्था ही लोगों का कल्याण साधनेवाली होती है ।

भौतिक विकास की दृष्टि से भी धर्म महत्त्वपूर्ण है ! आज मेट्रो, मॉल, स्मार्ट सिटी, अर्थात विकास, भौतिक विकास का ऐसा चित्र निर्माण किया जा रहा है । भौतिक विकास के कारण मेट्रो एवं मेट्रो के अत्याधुनिक रेलवे स्थानक मिलेंगे; परंतु काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर इन षड् ?रिपुओं पर कैसे विजय प्रप्त करनी है, इस विषय में विकास के तत्त्वज्ञान में कहां मार्गदर्शन है ? मेट्रो में नियम तोडकर किया जानेवाला अयोग्य वर्तन एवं महिलाओं का विनयभंग जिन षड्रिपुओं के कारण होता है, मेट्रो का व्यवस्थापन उनका निर्मूलन कैसे करेगा ? सीता का अपहरण करनेवाली रावण की लंका यद्यपि सोने की थी, तब भी आज लाखों वर्ष के उपरांत भी लोग लंका को नहीं, अपितु रामराज्य को ही आदर्श मानते हैं । धर्म एक ऐसा सूत्र है, जो काम, क्रोध, लोभ आदि षड् ?रिपुओं पर विजय पाना सिखाती है । इसलिए केवल भौतिक विकास साध्य करके नहीं, अपितु लोगों को धर्म सिखाकर नीतिवान बनाना भी उतना ही आवश्यक है । वास्तव में धर्म ही राष्ट्र का प्राण है !

**6. प्रकृति अनुसार साधना करने की स्वतंत्रता देनेवाला व्यापक हिन्दू धर्म !** : हिन्दू धर्म अर्थात हिटलरशाही अथवा तानाशाही, ऐसा भी दुष्प्रचार किया जाता है । प्रत्यक्ष में हिन्दू धर्म समान स्वतंत्रता अन्य किसी भी पंथ में नहीं । बायबल में लिखा है कि ईसाई मोजेस द्वारा बताई 10 आज्ञाओं के अनुसार ही (कमांडमेन्ट्स के अनुसार ही) आचरण करें । इस्लाम में कुरान की आज्ञा अनुसार आचरण करने के लिए कहा गया है । इसके विपरीत संपूर्ण गीता बताने के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, विमृश्यैतद् अशेषेण यथेच्छसि तथा कुरु। (श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 18, श्लोक 63) अर्थात गीता में बताए गए धर्मज्ञान पर पूर्णरूप से सोच-विचार कर जैसी तुम्हारी इच्छा हो, वैसा करो । इससे यह स्पष्ट होता है कि हिन्दू धर्म में किसी भी बात का दुराग्रह नहीं, अपितु प्रत्येक व्यक्ति को उसकी प्रकृति अनुसार साधना करने की स्वतंत्रता है ।

**7. हिन्दू राष्ट्र संकुचित नहीं, अपितु विश्व-कल्याणकारी !** : वास्तव में सनातन धर्म सार्वभौमिक, अर्थात सर्वभूमि के लिए कल्याणकारी है; कारण उसके सिद्धांत वैश्विक (यूनिवर्सल) हैं । भारतीय ऋषि-परंपरा ने विश्व-शांति के लिए यज्ञयाग किए थे तथा आज भी हिन्दू धर्म के संत केवल अपने समाज अथवा प्रांत के लिए ही नहीं, अपितु विश्व की शांति का संकल्प कर विश्व शांति यज्ञ करते हैं । धर्मसम्राट करपात्री स्वामीजी ने धर्म की जय हो ! अधर्म का नाश हो !, यह घोषणा करते हुए विश्व का कल्याण हो !, ऐसा उद्घोष किया था । इसलिए हिन्दू धर्माधिष्ठित राष्ट्र से ही विश्व शांति एवं विश्व कल्याण साकार हो सकता है ।

आज सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी समाज को यही शिक्षा दे रहे हैं । इससे अब हमें ध्यान में आ ही गया होगा कि हिन्दू राष्ट्र कट्टरवादी न होकर सात्त्विक, आदर्श एवं धर्माधिष्ठित होगा । ऐसे हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य में सम्मिलित होना, कालानुसार धर्मकार्य ही है।

# मदर्स डे - संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



**मदर्स डे**: एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। माँ और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि पवित्र व स्वार्थ से रहित है।

यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे उँची व अच्छी मिसाल माँ और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी माँ के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी माँ को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहाँ तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी माँ के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक माँ का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। माँ और बच्चे के रिष्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है। एक माँ अपने बच्चे के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है। वह स्वयं अपनी थाली से भोजन लेकर बच्चे को खिलाती है।

इसी प्रकार वह स्वयं अपना कोट उतारकर बच्चे को देती है ताकि उसका बच्चा गर्म महसूस कर सके। एक माँ द्वारा अपने बच्चे के लिए की गई कुर्बानियों व बलिदान का कोई अंत नहीं है। इस पवित्र रिष्ते में एक माँ अपने बच्चे के प्रेम के सिवाय इस दुनिया के जितने भी लगाव व प्रेम हैं उनको छोड़ देती है। जब बच्चा उसकी बाहों में लेटा होता है तो वह सब कुछ भूल जाती है और सिर्फ अपने बच्चे के प्रेम में मगन रहती है। एक माँ इस रिष्ते में अपना आपा अर्थात अहंकार को त्याग देती है। इसी प्रकार एक माँ अपने बच्चे की इच्छाओं के आगे स्वयं को झुका लेती है और उसकी निस्वार्थ भाव से सेवा करती है।



हम जानते हैं कि एक माँ का अपने बच्चे के प्रति प्रेम नाजुक और हृदय स्पर्षी है। यह सांसारिक प्रेम का शुद्ध रूप है जो कि पूरी तरह से स्वार्थ से रहित है। इसके साथ ही बच्चों को भी यह जानना और समझना चाहिए कि उनकी माताएँ किस प्रकार उनकी सेवा करती हैं और कितना वे उनके आराम और सुख-सुविधा के लिए त्याग करती हैं। जब हम बड़े हों तो हमें यह सुनिष्चित करना चाहिए कि हम अपनी माताओं के लिए क्या करें। हम उन्हें आदर सहित प्रेम करके ऐसा कर सकते हैं। हम अपने अंतर्मन से हमारे लिए की गई उनकी कोषिषों व प्रयासों को स्वीकार करें। इसके साथ ही यह भी कहा जाता है कि एक प्रभु का प्रेम अपने षिष्य के लिए हजारों माताओं के प्रेम से भी बढ़कर है। सर्वषक्तिमान पिता-परमेष्वर हम सभी को बहुत प्रेम करते हैं। वे हमसे किसी भी प्रकार की कोई आषा नहीं करते और वे केवल हमें देने के लिए ही आते हैं। वे हमेषा हमें अपने अंतर में जाकर उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हम मदर्स डे के दिन यह प्रतिज्ञा करें कि हम अपनी माँ के निस्वार्थ प्यार को न सिर्फ मदर्स डे के दिन स्मरण करेंगे बल्कि उसे प्रतिदिन अपने दिलों में संजो कर रखेंगे। हम परम पिता-परमात्मा का भी शुक्रिया अदा करें कि उन्होंने हमें मानव जीवन का सुनहरा अवसर प्रदान किया है और उनके अनगिनत आषीर्वाद व असीम प्रेम का शक्रिया अदा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम प्रेम से सदाचारी जीवन जीते हुए ध्यान-अभ्यास में समय दें और आध्यात्मिक मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा ने ब्राह्मणों के वोट तो लिये मगर सत्ता में उन्हें वाजिब हिस्सेदारी नहीं दी

भारतीय जनता पार्टी में मोदी युग की शुरूआत के बाद कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। बीजेपी की पिछले करीब एक दशक की राजनीति पर नजर दौड़ाई जाए तो यह कहा जा सकता है कि उसमें कभी पार्टी की विचारधारा सर्वोपरि हुआ करती थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की मर्जी के बिना पार्टी में कोई फैसला नहीं लिया जाता था। संघ के कई नेता बीजेपी में आकर संघ की विचारधारा को आगे बढ़ाते थे। पार्टी के भीतर पुराने नेताओं और कार्यकताओं को पूरा सम्मान मिलता था। समय-समय पर उन्हीं में से किसी नेता/कार्यकताओं को आगे बढ़ाया जाता था। ऐसी परम्परागत भारतीय जनता पार्टी में आज की तारीख में विचारधारा की बात गायब हो गई है। अब चुनाव में प्रत्याशी के चयन का आधार उसकी सोच से नहीं उसकी चुनाव जिताऊ क्षमता से तय किया जाता है। इसी प्रकार से अन्य दलों की तरह बीजेपी में भी अब किसी नेता के ह्यकदह्ल का निर्धारण उसकी विचारधारा और काबलियत से अधिक उसकी आक्रामकता से तय किया जाता है। मौजूदा बीजेपी के लिए वो ही नेता ह्यकामह्ल का होता है जो सच-झूठ सब बोलने की क्षमता के साथ-साथ मतदाता तक अपनी बात सलीके से पहुंचाने में महारथ रखता हो, इसके साथ-साथ वोट बैंक की सियासत में फिट बैठता हो। पार्टी में अब ऐसा नेता ही आगे बढ़ता है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली से लेकर राज्यों तक की बीजपी इकाई में आयातित नेताओं के साथ-साथ पूर्व नौकरशाहों का भी दबदबा बढ़ा है, जबकि बदलती राजनीति में बीजेपी के लिए अपना पूरा जीवन खपा देने वाले कई दिग्गज नेता हाशिये पर चले गए हैं।

इसी क्रम में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश भाजपा की सियासत में भी पूर्व नौकरशाहों और मौकापरस्त नेताओं की बड़े पैमाने पर इंट्री हो चुकी है। खासकर बीते 6-7 वर्षों में बीजेपी ने बाहर से आने वाले ब्राह्मण नेताओं को कुछ ज्यादा ही तरजीह दी है। इसमें से कई आयातित ब्राह्मण नेता और नौकरशाह तो पार्टी और सरकार में उच्च पदों पर आसीन हो गए हैं, जबकि पार्टी के कई पुराने ब्राह्मण नेता और कार्यकर्ता इस दौरान हाशिये पर चले गए हैं। बीजेपी में आयातित ब्राह्मण नेताओं में बृजेश पाठक डिप्टी सीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग, जितिन प्रसाद लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री और रजनी तिवारी एवं प्रतिभा शुक्ला राज्य मंत्री हैं। इसमें से जितिन प्रसाद कांग्रेस से और बाकी नेताओं ने 2017 के विधान सभा चुनाव से पूर्व बसपा छोड़कर बीजेपी ज्वॉइन की थी। वहीं गुजरात के पूर्व नौकरशाह एसके शर्मा भी योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और नगर विकास और ऊर्जा जैसा महत्वपूर्ण विभाग उनके पास है। एके शर्मा को पीएम मोदी का काफी खास बताया जाता है।

खैर, बीजेपी ज्वॉइन करने के बाद सबसे बड़ा उछाल कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी से होते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले बृजेश पाठक की राजनीति में देखने को मिला, जो पिछले छह साल में भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े ब्राह्मण चेहरा बन गए हैं। उन्होंने पार्टी के पुराने ब्राह्मण चेहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 2017 के विधानसभा चुनाव से ऐन पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इसके पहले वह बहुजन समाज पार्टी में थे। योगी सरकार बनने के बाद पाठक के कंधों पर न्याय और कानून का विभाग सौंपा गया था। इस दौरान लगातार उनकी छवि ब्राह्मण नेता के तौर पर मजबूत होती गई। बीजेपी के आलाकमान को उनके काम करने का तरीका भी पसंद आया। योगी सरकार की सत्ता में वापसी होने पर उन्हें दिनेश शर्मा की जगह डिप्टी सीएम की कुर्सी पर बैठाया गया। पिछली बार के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को योगी टू सरकार के कैबिनेट में जगह नहीं मिली। इसी तरह अन्य ब्राह्मण नेताओं में नीलकंठ तिवारी वाराणसी की विधानसभा सीट से दूसरी बार जीते थे। वे पूर्वांचल का बड़ा चेहरा हैं, लेकिन इस बार उनकी जगह पहली बार विधायक बनते ही गाजीपुर के दयाशंकर मिश्रा कैबिनेट में चुन लिए गए। योगी सरकार टू में सबसे आश्चर्यजनक रूप से डॉ. दिनेश शर्मा की विदाई हुई। दरअसल, दिनेश शर्मा डिप्टी सीएम के तौर पर अपनी वैसी आक्रामक छवि नहीं बना पाए जिसकी उनसे अपेक्षा थी। बीते वर्ष विधान सभा चुनाव कैंपेन के दौरान योगी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी होने के आरोप लगे थे। विपक्ष ने उन पर तीखा हमला किया। दिनेश शर्मा इन हमलों का जवाब देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए। वहीं ब्रजेश पाठक पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिए। यही वजह थी बीजेपी और स्वयं योगी को भी दिनेश शर्मा के बजाय ब्रजेश पाठक में वो खूबियां दिखाई देने लगीं जिसकी उन्हें जरूरत थी। पाठक ब्राह्मणों के मुद्दों पर बीजेपी विरोधी नेताओं के खिलाफ ज्यादा आक्रामक रहे, जिसका इनाम उन्हें डॉ. दिनेश शर्मा को हटा कर उनकी जगह डिप्टी सीएम के रूप में मिला।

(मदर्स-डे पर खास)

## तेरी याद बहुत आती है



मां !,तेरी याद बहुत आती है ।।

पास नहीं मेरे रहकर भी, तूं स्नेह-सिंधु में नहलाती है ।मां !,तेरी याद बहुत आती है।---

गर्भ के अन्दर मुझको रखकर ।ममतामई करुणामई बनकर।। स्नेह सुधा बरसाती है।। मां!, तेरी याद बहुत आती है।।----

गर्भ से बाहर मै जब आया।सुख दुःख का अहसास कराया।।जीवन का पहला शिक्षक बन, अपनों से पहचान कराया।। तूं तो नहीं पर, हमें तुम्हारी याद सताती है। मां!,तेरी याद बहुत आती है।।--

तेरा ,कितना निर्मल निश्छल मन था।तपा तपाया कंचन तन था।। लाड़ प्यार मधुर चुंबन में, अतिशय निष्ठा और लगन था।।मैं, पथ से भटक रहा जब होता, तूं आकर राह दिखाती है।

मां!,तेरी याद बहुत आती है।।--

अब तो दर्शन दुर्लभ तेरा।जी भरकर तुझको मां हेरा।।हर शाम नई बनकर आती, और आता हर दिन नया सबेरा।। जिज्ञासा में सरस-रस पाकर, किस्मत धन्य हो जाती है।

मां!,तेरी याद बहुत आती है।।

गौरीशंकर पाण्डेय सरस

# शुरू में बीजेपी ने बढ़ाई बढ़त तो आखिर में सपा ने दी शिकस्त

## दुबारा हुई रिकाउंटिंग में सपा ने जीत दर्ज की, फिर खाता खोलने से बीजेपी चूंकी

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। आखिरकार समाजवादी पार्टी ने बीजेपी को मात्र 72 मतों से पटखनी दी है। शनिवार को पांचवे राउंड का नतीजा आया तो बीजेपी ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिकाउंटिंग की मांग की । आरओ के आदेश पर दुबारा हुई मतगणना में देर शाम सपा प्रतयाशी ने जीत दर्ज की । चार राउंड तक बीजेपी समाजवादी पार्टी से आगे रही । अपराह्न तीन बजे तक सभासदों का नतीजा आ गया । पार्टी के समर्थक नतीजा जानने के लिए उत्सुक दिखे। सब्जी मंडी परिसर में 6 टेबल पर 23 बूथों पर अपराह्न तीन बजे तक मतगणना में सपा उम्मीदवार वसीम अहमद ने 4214 मत प्राप्त किया जबकि रूपेश को 4147 मत मिला । चूंकि शुरू से ही बीजेपी ने बढ़त बनाई ऐसे बीजेपी ने गिनती में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दुबारा रिकाउंटिंग की मांग की । दुबारा हुई मतगणना में वसीम ने 72 वोट से पटखनी दे दी ।



आरओ महेंद्र प्रताप सिंह के देख रेख में वसीम अहमद ने बीजेपी प्रत्याशी को हरा दिया । एआईएमआईएम फारूक आजम 665, बसपा के इरफान अहमद को 334 वोट प्राप्त हुआ । सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहा ।

**सपा, भाजपा ने मुख्यद्वार पर मचाया हंगामा–** खेतासराय(जौनपुर) शनिवार की शाम करीब 8:30 बजे मुख्य द्वार पर भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी आये तो बाहर खड़े समाजवादी पार्टी ने उत्पात मचाना शुरू किया । बीजेपी कार्यकर्ता भी हो हल्ला शुरू कर दिया। सीओ चोब सिंह ने भारी फोर्स के साथ लाठी पटख कर उन्हें हटाया । पुलिस के कड़े फटकार के चलते दोनों पार्टी के कार्यकर्ता वापस हो गए ।

**भाजपा ने तहसीलदार पर दस लाख रुपये में जिताने का लगाया आरोप–** खेतासराय(जौनपुर) दुबारा हुई मतगणना में बीजेपी के माइक पर घोषणा होते ही बोजेपी समर्थक भड़क उठे । भाजपा नेता नरेंद्र सिंह और मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी के आधा दर्जन कार्यकर्ता वही पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया । तहसीलदार पर दस लाख रुपये लेकर जिताने का आरोप लगाया है । उनका धरना प्रदर्शन चलता रहा । एसडीएम, सीओ समेत सभी प्रशाशनिक अधिकारी खड़े रहे । पिछले गेट से निर्वाचित चेयरमैन वसीम अहमद को भारी फोर्स के साथ घर भेजवाया ।

## नकली सोने को असली बता कर डेढ़ लाख से अधिक की ठगी करने बाले दो शातिर पुलिस की गिरफ्त में

तालबेहट / ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के खांदी के मजरा पटारन में एक शातिर ठग ने पहले मोबाइल से एक किसान को झांसे में लिया और फिर उसके घर आकर नकली सोने को असली बता कर लाखों की ठगी कर ले गया था। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र पर अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की थी और छानबीन के दौरान पुलिस में शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटारन निवासी बृजपाल पुत्र प्रताप सिंह ने तीन दिन पूर्व पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से दो बार कॉल आया और मजबूरी बताते हुए सस्ते दाम में सोना देने की बात कही। इसके बाद वह घर आया और नकली सोने के जेवर असली बता कर 1 लाख 60 हजार रूपए ले गया। इसके अलावा वह आधार कार्ड तथा पासबुक भी झांसा देकर ले गया। कोतवाली तालबेहट पुलिस ने मामले को दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर 420 379 व 411 आईपीसी की धारा में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी थी। इस ठगी के मामले में जब प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा उपनिरीक्षक प्रशांत राणा कांस्टेबल शुभम तिवारी पुष्पेंद्र सिंह और मनीष कुमार के साथ इलाके में शातिर अभियुक्त को खोजने का काम कर रहे थे, तभी उन्होंने मुखबिर की सूचना के आधार पर माताटीला कट के पास से कहीं भागने की फिराक में खड़े दो शातिर अभियुक्तों को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर अभियुक्तों ने अपना नाम 55 बर्षीय बाबूलाल राय पुत्र सोनाराय निवासी सलामतपुर जनपद रायसेन मध्य प्रदेश और दूसरे ने अपना नाम 32 बर्षीय सलमु आदिवासी पुत्र लक्ष्मन आदिवासी निवासी जनपद विदिशा बताया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो मोबाइल फोन एक आधार कार्ड और नगद 3500 रुपये बरामद किए। पुलिस ने उनके कब्जे से एक बिना नंबर की बाइक भी बरामद की। पुलिस ने दोनों ही शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## काउंटिंग स्थल पर जाने से पत्रकारों को रोका गया, मीडिया सेंटर पर ही कैद रहे मीडियाकर्मी



प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। शनिवार को सब्जी मंडी में चल रहे मतगणना कड़ी सुरक्षा में शुरू हुई । अभिकर्ता समेत कर्मियों को तलाशी के बाद अंदर प्रवेश हुआ । जिलाधिकारी और एसपी दोपहर मतदान की जानकारी लेने पहुँचे । मीडियाकर्मियों को मतदान स्थल तक फटकने नही दिया । जबकि चुनाव आयोग ने मतदान के जाली के बाहर पत्रकारों को संकलन करने की अनुमति दी थी । गौरतलब है कि प्रशासन ने पहले ही पत्रकारों को सुविधा को ध्यान रखते हुए मीडिया सेंटर पर हर दो घण्टे पर उन्हें जानकारी देने का आदेश था फिर भी प्रोटोकॉल का पालन नही हुआ । मीडिया को जानकारी लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा । काउंटिंग स्थल से थोड़ी दूर उन्हें टीन शेड में रहने की हिदायत दी गई थी ।

## महिला ने लगाया मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। गांव में किसी बात को लेकर एक महिला का विवाद उसके ही विपक्षियों से हो गया था, जिसके चलते चार विपक्षियों ने एक राय होकर महिला को मौके पर ही दबोच लिया और उसके साथ गाली गलौज करती हुई मारपीट की। घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बालाबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलइया निवासी श्रीमती उमा पत्नी शंकर अहिरवार ने थाना बालाबेहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गत 12 मई को शाम करीब 5:30 बजे उसका आपसी उसके ही मोहल्ले में रहने वाले प्रमोद पुत्र कन्छेदी सहित दो अन्य परिजनों से हो गया था।

## ढह गया टण्डन परिवार का किला, खिला कमल

प्रखर जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी ने 22 वर्षो बाद टण्डन के किले को ढहाकर नगर पालिका परिषद जौनपुर पर भगवा लहराया है। भाजपा प्रत्याशी मनोरमा मौर्या ने दस हजार सात 91 वोटो के अंतर से बसपा प्रत्याशी माया टण्डन को हराकर जीत दर्ज की है। बीजेपी प्रत्याशी को कुल 37 हजार 406 मत मिला है जबकि माया टण्डन को 26 हजार छह सौ 15 वोट मिला है। मतगणना के पहले राउण्ड से ही भाजपा उम्मीदवार ने बढ़त बनायी तो मतगणना समाप्त होने तक बरकरा रहा। बड़ी जीत मिलने पर भगवा खेमे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जीत का प्रमाण लेने के लिए मनोरमा मौर्या एमएलसी ब्रजेश सिंह प्रिंशू के साथ पहुंची। शनिवार की सुबह आठ बजे से मतो की गिनती शुरू हुई। करीब 12 बजे पहले चरण का परिणाम आया तो भाजपा ने 16 सौ से अधिक मतो की बढ़त ले लिया। उसके बाद



प्रत्येक राउण्ड में लीड बढ़ता गया। जिसका परिणाम रहा कि भाजपा प्रत्याशी मनोरमा मौर्या को कुल 37 हजार 406 मत मिला है जबकि माया टण्डन कें खाते में 26 हजार छह सौ 15 वोट आया है। तीसरे स्थान पर सपा प्रत्याशी उषा जायसवाल को 16 हजार 6 सौ 69 मत प्राप्त हुआ। चौथे स्थान पर कांग्रेस को 13 हजार पांच सौ 78 वोट मिला। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी पांचवे स्थान रही। आप पार्टी की प्रत्याशी डा0 चित्रलेखा सिंह को सात हजार 27 वोट मिला। 455 वोट नोटा के खाते में आया।

# संयुक्त निदेशक अभियोजन से एसपी के दुर्व्यवहार पर काली पट्टी बांधकर हो रहा विरोध प्रदर्शन

प्रखर जौनपुर। जिले में भी दिखाई दे रहा गोंडा कप्तान के अभद्रता करने के प्रकरण का असर, जहां हाईकोर्ट ने किसी प्रकरण में जब कप्तान को तलब किया तो उस बात के गुस्से की भड़ास कप्तान एसपी आकाश तोमर ने संयुक्त निदेशक अभियोजन प्रभारी रामअचरज चतुवेर्दी को ही कार्यालय जाकर भद्दी भद्दी भाषाओं का प्रयोग करते हुए भड़ास निकालते हुए बूरे तरिके से अमर्यादित दुर्व्यवहार किया गया। जिस बात का संयुक्त अभियोजन कार्यालय अधिकारी ने लिखित विभिन्न उच्च अधिकारियों को पत्र देकर आरोप लगाया है। जिस बात को लेकर प्रदेश भर में संयुक्त निदेशक अभियोजन संघ द्वारा बड़े पैमाने पर काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए कप्तान के उपर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है। जानकारी के अनुसार बिते दिन 11,05,23 को गोंडा के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के द्वारा गोंडा जिले के संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में दलबल के साथ घुसकर संयुक्त निदेशक अभियोजन रामअचरज चतुवेर्दी को ब गालियां दिया गया तथा मारने की धमकी भी दिया गया था। इस घटना खबर आज विभिन्न अखबारों में प्रकाशित हुई। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के इस अमर्यादित व्यवहार से पूरे प्रदेश में राज्य अभियोजन सेवा कैडर के अभियोजकगण में काफी रोष व्याप्त हो गया, तथा सभी लोग व्यथित होकर विरोध स्वरूप आज विभिन्न जिलों के न्यायालयों एवं कार्यालयों में शासकीय कार्य करते हुए काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में जौनपुर जिले में भी संयुक्त निदेशक अभियोजन अरुण श्रीवास्तव के नेतृत्व में अभियोजन अधिकारी राजेश कुमार, शकील अहमद, रमेश कुमार, चंद्रेश यादव एवं सहायक अभियोजन अधिकारी अंकित कुमार सिंह, मयंक सिंह, मोहम्मद इमरान एवं अन्य लोगों के द्वारा भी कार्यालय में काली पट्टी बांधकर पुलिस अधीक्षक गोंडा के अमर्यादित व्यवहार का विरोध करते हुए लिखित रूप में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन भी प्रेषित करवाया गया। दीवानी न्यायालय में भी अभियोजन अधिकारीगण द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोधस्वरुप शासकीय कार्य किया गया।



## सीमा सिंह पत्नी विजय सिंह बबलू बदलापुर की चेयरमैन निर्वाचित की गई

### 779 वोटो से अपने प्रति द्वन्दी मालती पत्नी सुरेश सरोज को हराया

प्रखर बदलापुर (जौनपुर)। बदलापुर नगर पंचायत की सीमा सिंह पत्नी विजय सिंह बबलू चेयर मैन घोषित की गई। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंदी मालती पत्नी सुरेश सरोज को 779 मतों से हराया। जीत की जश्न पर विधायक रमेशचन्द्र मिश्र एंव अपने समर्थकों संग जीत के बाद उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत जनता की जीत है हम समस्त जनता के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए उन्हें बधाई देते है और विश्वास दिलाते हैं कि हम नगर पंचायत बदलापुर चेयर मैन नही बल्कि सेवक के रूप में कार्य करेंगे। इस मौके पर उन्होंने अपने समर्थकों को एंव चुनावकी जीत में कड़ी मेहनत करने वाले समर्थकों को बधाई दी। उन्होंने चुनाँव अधिकारी ऋषभ देश राज सिंह व उप चुनाव अधिकारी राकेश कुमार एंव क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी को शांति पूर्ण चुनाँव की मत गणना कराए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।



## शाहगंज निकाय चुनाव में निवर्तमान चेयरमैन गीता जायसवाल को रचना सिंह ने 2666 मतों से हराया

प्रखर शाहगंज जौनपुर। निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रचना सिंह पत्नी वीरेंद्र सिंह बंटी ने निकाय चुनाव में 2666 मतों से जीत हासिल की. चुनाव में जबरदस्त कांटे की टक्कर हुई. भारी पुलिस फोर्स एवं अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई. किसी प्रकार की अशांति एवं हिंसक झड़प की समस्या नहीं उत्पन्न हुई. सपा सरकार में रहे पूर्व ऊर्जा एवं नियोजन राज्य मंत्री तथा पूर्व विधायक शैलेंद्र यादव ललई ने इस जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री ने इस जीत को शाहगंज नगर क्षेत्र की जनता ,कार्यकताओं के अथक परिश्रम की जीत बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही, अहंकार नगर क्षेत्र में विकास के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार की हार है. नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रचना सिंह ने नगर क्षेत्र की जनता के जनादेश को सिर माथे चढ़ाया.उन्होंने जनता द्वारा विश्वास जताने और विकासवाद को चुनने के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि विकास के लिए तरस रही क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी. वीरेंद्र सिंह बंटी ने जनता और कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि शाहगंज नगर क्षेत्र का चौमुखी विकास करना मुख्य एजेंडे में शामिल है. विकास की दृष्टि से पिछड़े नगर क्षेत्र में पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी.अधिवक्ता संजय यादव, सुरेंद्र कुमार यादव सदस्य जिला पंचायत, सुरेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत, पूर्व ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव प्रधान संघ अध्यक्ष सुईथा कला, संतोष यादव पिंटू प्रधान प्रतिनिधि रुधौली व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## बदलापुर नगर पंचायत के विजयी सदस्य

जौनपुर। बदलापुर नगरपंचायत में सभासद प्रत्याशियों का परिणाम घोषित किया गया। वार्ड नंबर एक से राजेश साहू (भाजपा), वार्ड नंबर 2 से अमरजीत राजा (निर्दल), वार्ड नंबर 3 से लक्ष्मण सिंह (बसपा) वार्ड नंबर पुष्पा (निर्दल), वार्ड नंबर 5- कंचन निर्दल,वार्ड नंबर 6- नागेंद्र राजू वार्ड नंबर 7- हरीनाथ मौर्य वार्ड नंबर- वार्ड नंबर 09- फूलचंद विश्वकर्मा 10- रूबीन नाजिया (बसपा), वार्ड नंबर- 13- नसीम (भाजपा) को विजय मिली।

## मुंगराबादशाहपुर से कपिल मुनि अध्यक्ष निर्वाचित

प्रखर जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव परिणाम घोषित हो गया। जिसमें भाजपा से कपिल मुनि गुप्ता-9725 मत पाकर चुनाव जीत गये। बसपा से जफर मंसूरी को 4868 मत मिले जबकि सपा से उमाशंकर चैरसिया - 3229 वोट मिले।

### नगर पंचायत कजगांव से निर्दल सितारा विजयी

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव में चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया है। निर्दल प्रत्याषी सितारा विजयी घोषित की गयी। उन्हे 1332 मत मिला है। दूसरे नम्बर की निर्दल प्रत्याषी ष्सान्ति को 1211 मत, कांग्रेस के विध्यवासिनी को 740 मत, निर्दल राजेष कुमार पाण्डेय को 554 मत, सपा के निजामुददीन को 529 मत, भाजपा के राजीव कुमार सिंह कोक 512 निर्दल सन्तोष कुमार मौर्य को 457, निर्दल रिचा को 355 मत, निर्दल मुकेया को 354, निर्दल तारिक को 242, निर्दल नितेष को 196, बसपा के सन्तोष कुमार को 168, अरविन्द कुमार पटेल आजाद समाजवादी पार्टी 127 निर्दल काषी नाथ को 29 आम आदमी पार्टी के ष्याम को 25 मत , निर्दल महेन्द्र को 25, भासपा सम्स तरबेज 22 मत, निर्दल विक्रमा प्रसाद 11 तथा निर्दल रेनू को आठ मत मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नाटक में सरकार बनने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



प्रखर पिंडरा वाराणसी। कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर शनिवार को पिंडरा विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेसियो ने जीत का जश्न मनाया और कहाकि यह प्रदर्शन पार्टी 2024 के चुनाव में दोहराएगी। मंगारी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग) के महामंत्री डॉ कमल पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान डॉ सभाजीत यादव, कमल कांत शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, रमेश सरोज, महेद्र यादव, लालबहादुर व संतोष यादव रहे। वही खालिसपुर में अंजनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकताओं ने जीत की खुशी मनाई।

### संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोईराजपुर के सीबीएसई बोर्ड दसवीं के यथार्थ राय व बारहवी के सिद्धार्थ राय ने बढ़ाया परिवार का मान



प्रखर दानगंज वाराणसी। सीबीएसई बोर्ड की10वीं एवं 12वीं वर्ष 2023 का परिणाम घोषित किया गया। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोईराजपुर के सीबीएसई बोर्ड दसवीं के यथार्थ राय व बारहवी के सिद्धार्थ राय ने बढ़ाया परिवार का मान बढ़ाया है। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोईराजपुर के सीबीएसई बोर्ड दसवीं के यथार्थ राय ने 95% अंक लाकर एवं बारहवी के सिद्धार्थ राय राय ने 85% अंक उत्तीर्ण होकर परिवार सहित विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन राहुल सिंह व विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने समस्त अभिभावको शिक्षकों तथा कर्मचारियों को धन्यवाद दिया तथा बच्चों को बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### 13 वार्डो का ये रहा परिणाम

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। यहाँ नगर के 13 वार्डो में पाँच राउण्ड में वार्ड के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वार्ड 1- सरवरपुर शैलेश यादव बीजेपी, वार्ड 2- डोभी खालिद सपा, वार्ड नं 3- पोस्ट ऑफिस पूनम निर्दल, वार्ड नं 4- बभनौटी अमित सोनकर निर्दल, वार्ड 5- विधापाठ भाई लाल सोनकर भाजपा, वार्ड 6- सोंधी विवेक यादव सपा, वार्ड 7- कासिमपुर से सतीश यादव सपा, वार्ड 8- चौहट्टा सलीम अहमद सपा, वार्ड नं 9- गोलाबाजार संध्या भाजपा, वार्ड 10- कोहरौटी रुकसाना सपा, वार्ड 11- जोगियाना साहिना निर्दल, वार्ड न 12- बारा बेगम कांग्रेस, वार्ड नं 13- भटियारी सराय एजाज अहमद सपा ने सफलता प्राप्त की।

### डीएसओ उमेश चंद्र मिश्रा ने विकलांग कमलेश यादव को ट्राई साइकिल दिया



प्रखर दानगंज वाराणसी। एक बार फिर दिव्यांग भाई कमलेश यादव निवासी ढकवा वाराणसी को ट्राई साइकिल देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वाराणसी के डीएसओ उमेश चंद्र मिश्रा जी के द्वारा ट्राईसाईकिल दिया गया मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डम्पी तिवारी बाबा विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष विजय पांडे उपेंद्र दुबे राजेश मिश्रा आशीष दुबे बाबा आशीष दुबे बाबाजी बृजेश पांडे राहुल मिश्रा अजय सिंह जी सोनू पांडे मणिकांत उपाध्याय उपस्थित रहे।

### निरंकारी मिशन के संस्थापक बाबा हरदेव को भक्तों ने किया याद

पिंडरा। संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को याद करते हुए शनिवार को उनके निधन को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। संत निरंकारी भवन बाबतपुर पर महात्मा संतोष सिंह एवं ब्रांच मुखी जितेंद्र सिंह के उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निरंकारी परिवार के श्रद्धालु सम्मिलित होकर सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान महात्मा सन्तोष सिंह ने कहाकि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज ने 36 वर्षों तक सदगुरु रूप में निरंकारी मिशन की बागडोर संभाली उन्होंने आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ समाज कल्याण के लिए अनेक कार्यो को रूपरेखा प्रदान की जिनमें मुख्य रक्तदान, ब्लड बैंक का गठन, नेत्र जांच शिविर, वृक्षारोपण अभियान और स्वच्छता अभियान आदि के आयोजन का बहुमूल्य योगदान दिए। आज उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों व सेवाभाव को करते रहे और मिशन को आगे ले जाय। कार्यक्रम के अंत मे प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ पी के राय, दिनेश विश्वकर्मा, लालजी, सुरेश, वीरेंद्र, रंजीत ,बिंदु, रितु व निर्मला समेत सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

### जफराबाद नगर पंचायत के विजयी प्रत्याशी

प्रखर जौनपुर। नगर पंचायत जफराबाद में सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 1 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी दिलशाद अहमद 267 मत पाकर विजय प्राप्त किये जबकि वार्ड नंबर 2 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी हीरामनी 264 मत पाकर विजयी घोषित किये गये। वार्ड नंबर 3 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी परवेज 190 मत पाकर विजय हुये। वार्ड नंबर 4 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सिद्दीका बानो 267 मत पाकर विजयी हुई। वार्ड नंबर 5 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विनोद 255 मत पाकर विजय हुये। वार्ड नंबर 6 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रविकांत 264 मत पाकर विजयी हुये। वार्ड नंबर 7 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सुनीता 279 मत पाकर विजय हुई। वार्ड नंबर 8 से निर्दलीय प्रत्याशी समा परवीन 164 मत पाकर विजयी घोषित की गयी। वार्ड नंबर 9 से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी जगत नरायन 128 मत पाकर विजय हासिल किये। वार्ड नंबर 10 से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सुलाबी देवी 167 मत पाकर चुनाव जीते।

## गायिका कल्याणी काजी का 87 वर्ष की उम्र में निधन



**कोलकाता (भाषा)।** जानी मानी गायिका और प्रख्यात कवि काजी नजरूल इस्लाम की सबसे छोटी पुत्रवधु कल्याणी काजी का यहां शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थीं। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कल्याणी काजी (87) ने एसएसकेएम अस्पताल में आखिरी सांस ली। उन्हें कुछ दिन पहले दक्षिण कोलकाता में एक नर्सिंग होम से एसएसकेम अस्पताल रेफर किया गया था। उनके परिवार ने बताया कि वह कुछ समय से ल्यूकेमिया से पीड़ित थीं और उन्हें गुर्दे संबंधी समस्या भी थी। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था और शुक्रवार सुबह करीब साढे पांच बजे उनका निधन हो गया।

कल्याणी काजी नजरूल इस्लाम के छोटे बेटे काजी अनिरूद्ध की पत्नी थीं। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है, जो अमेरिका में रहते हैं। काजी के बेटों में से एक काजी अनिर्बान ने अस्पताल में पत्रकारों से कहा, हमने पश्चिम बंगाल सरकार से मां के पार्थिव शरीर को एक दिन 'पीस हैवेन' शवगृह में रखने का अनुरोध किया है। हमारी बहन अनिंदिता काजी के यहां पहुंचने के बाद मां का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उनके निधन पर शोक जताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बयान में कहा कि कल्याणी काजी की गायन शैली श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। बनर्जी ने याद किया, पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 2015 में संगीत महासम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया था। वह पोश्चिवोंगो काजी नजरूल इस्लाम अकादमी की सलाहकार परिषद की सदस्य भी थीं।

## दिसम्बर में आत्महत्या के विचार आने की सर्वाधिक आशंका



**नई दिल्ली (भाषा)।** शोधकर्ताओं ने दिसम्बर को उस महीने के रूप में पहचाना है जब अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में लोगों के मन में आत्महत्या के विचार आने और सुबह चार बजे से छह बजे के बीच के समय में उनके आत्महत्या करने की सबसे अधिक आशंका होती है। उन्होंने यह भी पाया कि वसंत या गर्मियों की शुरुआत में आत्मघाती व्यवहार के चरम पर पहुंचने से कुछ महीने पहले ये विचार उत्पन्न होते हैं।

यह शोध ब्रिटेन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम स्कूल ऑफ साइकोलॉजी, एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय, नीदरलैंड्स और हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका के शोधकर्ताओं ने किया। उन्होंने आत्मघाती विचारों के मौसमी कारकों की पड़ताल की और पहचान की कि आत्मघाती विचार वर्ष के दौरान किस महीने चरम पर होते हैं तथा दिन में किस समय ये अत्यधिक गंभीर हो जाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट पत्रिका 'नेचर ट्रांसलेशनल साइकियाट्री' में प्रकाशित हुई है।

इसमें 'प्रोजेक्ट इंप्लिसिट हेल्थ डेटाबेस (पीआईएच) का उपयोग करके अध्ययन में शामिल लोगों से आत्महत्या और खुद को नुकसान पहुंचाने संबंधी विचारों के बारे में सवाल पूछे गए। लोगों से मिले उत्तर के आधार पाया गया कि दिसम्बर में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में लोगों के मन में आत्महत्या के विचार आने की सबसे अधिक आशंका होती है और सुबह चार बजे से छह बजे के बीच के समय में उनके आत्महत्या करने की सर्वाधिक आशंका रहती है।

## मदर्स डे पर सभी महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए अनूठी पहल




**नई दिल्ली।** महिलाओं के लिए मातृत्व सबसे पवित्र और भावपूर्ण भूमिकाओं में से एक है, जिसको पूरा करने का हक केवल एक महिला को मिलता है तथा इसके बाद की यात्रा और भी अविस्मरणीय है। इसी बात को ध्यान में रखकर फिलिप्स इंडिया ने आज कमबैक योर वे अभियान शुरू किया जो हर जगह माताओं के संघर्ष और जीत को दर्शाता है। यह कैंपेन हर जगह माताओं के संघर्ष और जीत को दर्शाता है। यह माताओं की अविश्वसनीय ताकत और जोश को दर्शाता है और मां की भूमिका निभाते हुए अपने सपनों को पूरा करने के लिए समाज को प्रोत्साहित करती है।

पहल को मिली शानदार प्रतिक्रिया से प्रेरित होकर फिलिप्स एवेंट ने एक कदम आगे बढ़कर आस्क इवेंट सभी स्तनपान कराने वाली माताओं को जानकारी देने वाला केंद्र शुरू करने की घोषणा की है। यह प्लेटफार्म नई माताओं को उनके स्तनपान से जुडे प्रश्नों के जवाब प्राप्त करने, स्तनपान से संबंधित लेख और ब्लॉग पढ़ने के साथ-साथ स्तनपान विशेषज्ञों के साथ वन-ऑन-वन निजी परामर्श बुक करने में समर्थ बनाएगा। यह परामर्श सत्र और साथ ही आस्क इवेंट पर संपूर्ण जानकारी सभी माताओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी।




## प्रदीप पांडेय चिंटू ने शुरू की 'ओम' की शूटिंग

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू ने अपनी आने वाली फिल्म ओम की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म ओम का निर्देशन सुनील मांझी कर रहे हैं। फिल्म ओम के लेखक वीरू ठाकुर ने बताया कि 'ओम 'एक हिस्टोरिकल बेस्ड फिल्म होगी जिसकी कहानी में नयापन होगा। ओम टाईटल अपने आप मे एक यूएसपी है।

वहीं फिल्म के निर्देशक सुनील मांझी ने कहा, मैं प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ पहली बार निर्देशन कर रहा हूं। इसके पहले हमने कल्लू के लेकर फिल्म दिलवर बनाई थी। उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी। प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा, फिल्म ओम की स्टोरी लाजबाब है। फिल्म ओम भोजपुरी फिल्म देखने वाले प्रेमियो को बेहद पसंद आ सकती है।

## हेमा मालिनी ने की अल्लू अर्जुन की तारीफ



**मुंबई (वार्ता)।** अभिनेत्री हेमा मालिनी ने दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन के अभिनय की तारीफ की है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पाः दि राइज' दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। अल्लू अर्जुन के अभिनय को बेहद पसंद किया गया। हेमा मालिनी ने कहा, मैंने पुष्पा देखी और बड़ा मजा आया देखने में। फिल्म का वह खास डांस स्टेप कई लोग करते हैं। मुझे अल्लू की परफॉर्मेंस बहुत अच्छी लगी। इसके बाद मैंने अल्लू की दूसरी एक फिल्म देखी और अनुभव किया वह गुड लुकिंग बॉय है। 'पुष्पा' में वह बिल्कुल ही अलग नजर आ रहे थे। उसने बहुत बढ़िया किरदार निभाया, सबसे बड़ी बात यह है कि उसने इस तरह के लुक के लिए हामी भरी।

## रानी मुखर्जी अभिनीत 1998 की फिल्म मेहंदी के सीक्वल में विशाल मोहन

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर विशाल मोहन, जिन्होंने गुजारिश में संजय लीला भंसाली और आयशा में राजश्री ओझा के साथ काम किया, वह रानी मुखर्जी अभिनीत 1998 की फिल्म मेहंदी के सीक्वल में काम करने के लिए तैयार हैं और इसका निर्देशन हामिद अली खान ने किया था। सीक्वल भी हामिद अली खान द्वारा निर्देशित किया जाएगा, जहां विशाल एक रॉकस्टार की भूमिका निभाते नजर आएंगे। विशाल ने कहा, मैं मेहंदी 2 में एक रॉकस्टार की भूमिका निभा रहा हूं। मेरे किरदार की एक छोटे शहर से आने की यात्रा है जो गांव के कार्यक्रमों के लिए गाता है और एक लोकप्रिय रॉकस्टार बन जाता है।

उन्होंने कहा, वह एक ऐसी लड़की से शादी करता है, जो उसकी सिंगर बनने में मदद करती है, लेकिन लाइमलाइट और ग्लैमर को देखने के बाद वह उसे भूल जाता है। यह एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो सफलता का स्वाद चखने के बाद अपने परिवार को भूल जाता है। फिल्म की कास्ट का खुलासा करते हुए उन्होंने कहा, ज्यादातर कलाकार पुराने लिए गए है, जिन्होंने पहले पार्ट में काम किया था और कुछ नए कलाकार शामिल किए गए हैं। मैं इसके लिए फिल्मांकन शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

इस कहानी के पीछे की मुख्य मंशा आपकी सफलताओं और असफलताओं के माध्यम से हमेशा जमीन से जुड़े रहना है। यह एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा को आगे बढ़ाता है जो सफलता का स्वाद चखने के बाद अपने परिवार को भूल जाता है जो उस पर भारी पड़ता है। इस भूमिका के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे यह भूमिका हामिद अली सर की वजह से मिली, जिनके साथ मैंने ये होती है मां में काम किया था। सर को वास्तव में उस फिल्म में मेरा काम पसंद आया और उन्होंने मुझे मेहंदी 2 की पेशकश की।

## परिणीति-राघव की सगाई आज कपूरथला हाउस में

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा की सगाई शनिवार को रात 8 बजे इंडिया गेट के पास स्थित कपूरथला हाउस में होगी। इस समारोह में राजनीति व फिल्मी इंडस्ट्री के 150 लोगों को न्योता दिया गया है। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हैं। राघव चड्ढा, पवन सचदेव द्वारा डिजाइन किया हुआ अचकन पहनेंगे वहीं परिणीति चोपड़ा मनीष मल्होत्रा की डिजाइनर ड्रेस पहनेंगी।

सगाई समारोह की शुरुआत शनिवार शाम 5 बजे शुरू होगी। सबसे पहले सुखमनी साहब का पाठ होगा इसके बाद अरदास। इन दोनों धार्मिक अनुष्ठान के बाद सगाई होगी और उसके बाद रात्रिभोज का कार्यक्रम होगा। एक सूत्र ने बताया कि परिणीति की बहन प्रियंका चोपड़ा जोनस कल दिल्ली आएंगी। हालांकि, प्रियंका के पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के बारे में अभी तक कोई अपडेट नहीं है। सगाई से पहले, मुंबई के बांद्रा इलाके में एक्ट्रेस का अपार्टमेंट रोशनी से जगमगाया हुआ है।

राघव और परिणीति के बीच डेटिंग की अफवाहें पिछले महीने तब शुरू हुईं, जब दोनों को लंदन और फिर मुंबई में एक साथ देखा गया। दोनों को अक्सर मुंबई और नई दिल्ली एयरपोर्ट पर एक साथ देखा गया है।

## 2 जून को रिलीज होगी फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना'



**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की अवधी फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' 2 जून को रिलीज होगी। 'मेरे नैना तेरे नैना' के निर्देशक लाल विजय शाहदेव हैं जबकि निर्माता राकेश डांग और दीपक सिम्हल हैं। रवि भाटिया, इस फिल्म में स्पेशल एपीयरेंस में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने बताया कि फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' की कहानी के बारे में पहले से बताना सही नहीं होगा। लेकिन इतना तय है कि यह फिल्म मनोरंजन के एक अलग ही लेवल पर ले जाने वाली है, जिसमें दर्शक अंत तक एक रहस्य से जुड़े रहेंगे।

फिल्म की पूरी जर्नी रोमांचक होने वाली है और फिल्म में खेसारीलाल यादव का अभिनय भी मुख्य आकर्षण होने वाला है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। फिल्म भी 2 जून से सिनेमाघरों में होगी। इसलिए दर्शकों से अपील होगी कि वे हमारी फिल्मों को अपने परिजनों के साथ सिनेमाघरों में जाकर देखेंगे। गौरतलब है कि फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' में खेसारी लाल यादव के साथ खुशबू शर्मा, कामाक्षी ठाकुर, नीना चीमा, रितु शर्मा, निशिकांत दीक्षित और चुन्नू मेहरा मुख्य भूमिका में है। इस फिल्म की सह निर्माता अमृता शाहदेव एवं मधुकर वर्मा, लेखक लाल विजय शाहदेव एवं केदार धारवाडकर हैं। छायांकन अजीत सिंह ने किया है। संगीत सुरज, कृष्णा बेदर्दी एवं ओम झा का है। संकलन नुरेन अंसारी-अखिलेश सिंह और गीत प्यारे लाल यादव व कृष्णा बेदर्दी का का है। नृत्य कानू मुखर्जी, कला डी. के. राहुल, तकनीक निर्देशक कामाक्षी ठाकुर हैं।

## कॉन्टेंट क्रिएटर डॉली सिंह कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए तैयार



**मुंबई.(आईएएनएस)।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर डॉली सिंह कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आखिरकार उन्हें अपनी बकेट लिस्ट से एक बड़ी उपलब्धि हासिल हो गई है। वह इस महीने में फेंच रिवेरा जाएंगी, जहां वह रेड कार्पेट पर चलेंगी और आइकॉनिक ग्रैंड लुमियर थिएटर में मूवी स्क्रीनिंग में हिस्सा लेंगी।



उनके चार दिवसीय यात्रा कार्यक्रम में उनकी सांस्कृतिक खोज भी शामिल होगी, जहां वह चेज अल्बेन, ला मोम प्लेज, साइलेंसियो क्लब, फ्रेड एल कैलर और मैजेस्टिक ले पैराडिसियो में सैंपल का नमूना लेंगी। डॉली कहती हैं, कान्स फिल्म फेस्टिवल भारतीय कलाकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय प्रतिभा ने न केवल भारतीय सिनेमा को विश्व मंच पर लाया है बल्कि सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने और क्रॉस-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भी मदद की है।

नैनीताल से आने वाली डॉली राजू की मम्मी, साउथ दिल्ली गर्ल, गुड्डी भाभी, जीनत और श्री जैसे मजेदार छोटे किरदारों के साथ अपनी खुद की एक डॉलीवर्स बनाने वाली देश की सबसे पहचानी जाने वाली कंटेंट क्रिएटर्स में से एक बन गई है। बड़े होकर, सिंह हमेशा फैशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध थीं। राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने निफ्ट से फैशन में मास्टर की पढ़ाई करने का फैसला किया। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 16 मई से शुरू होगा और 27 मई तक चलेगा।

## टाइम मैगजीन के इंटरव्यू के दौरान रणवीर ने दीपिका को किया लिपकिस



**मुंबई (आईएएनएस)।** टाइम मैगजीन के इंटरव्यू के दौरान स्टार कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने लिपकिस के जरिए अपने प्यार का इजहार किया। बता दें कि दीपिका हाल ही में टाइम मैगजीन के कवर पर नजर आईं। इंटरव्यू में दीपिका से उनकी शादी से जुड़ा सवाल पूछा गया, इस दौरान अचानक रणवीर वहां आ गए। रणवीर को देख दीपिका के चेहरे पर स्माइल आई और दोनों ने एक-दूसरे को सॉफ्ट किस की। रणवीर ने कहा कि वह उनको सिर्फ हाय कहने के लिए आए थे। वह पास में ही शूटिंग कर रहे थे।

दीपिका ने रणवीर को बताया कि इंटरव्यू में उनकी ही शादी से जुड़ा सवाल पूछा गया है, इस पर उन्होंने कहा, उनकी शादी को 4 या फिर साढ़े चार साल हो गए हैं। लेकिन उन्हें साथ में 10 से 11 साल हो चुके हैं। सवाल का जवाब देते हुए दोनों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ा हुआ था। उन्होंने भी हाथ पकड़ लिया। इसके बाद दीपिका ने हंसते हुए कहा, हम क्या कर रहे हैं? जिस पर रणवीर जवाब देते हैं, मैं सिर्फ हाय कहने आया था इसके बाद दीपिका इंटरव्यू मोड में आ जाती हैं और अपनी रोमांटिक मैरिड लाइफ के बारे में बात करती हैं।

मुझे समय बिताना अच्छा लगता है, मैं और मेरे पति। मैंने अपने सबसे अच्छे दोस्त से शादी की है। मुझे लगता है कि हम एक दूसरे के साथ बहुत नासमझ हैं। मैं बिल्कुल खुद को महसूस कर सकती हूं, मेरी सबसे कमजोर, मेरी सबसे अनाड़ी, मेरी सबसे अभिव्यंजक। हां, हम एक-दूसरे को अब लगभग 10 साल से जानते हैं, इसलिए यह मेरी पसंदीदा जगह है। इस कपल ने नवंबर, 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी।

## 'डार्लिंग' का फर्स्ट लुक रिलीज




**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता राहुल शर्मा और भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की आने वाली फिल्म 'डार्लिंग' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म डार्लिंग के निर्देशक लेखक एवं कथाकार रजनीश मिश्रा है। प्रदीप के शर्मा के बाबा मोशन पिक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रत्नाकर कुमार द्वारा प्रस्तुत फिल्म 'डार्लिंग' की को प्रोड्यूसर अनीता शर्मा है।

वहीं फिल्म को लेकर प्रदीप के शर्मा ने कहा कि डार्लिंग एक बेहतरीन फिल्म होने वाली है। फिल्म रिलीज के प्रोसेस में है। यह भोजपुरी की सबसे बड़ी बजट की फिल्म है। इस पर हम सभी ने मिलकर बेहद मेहनत की है। उम्मीद है जब यह थिएटर में आएगी तो दर्शकों को यह पसंद आने वाली है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के मालिक रत्नाकर कुमार ने कह, डार्लिंग इंडस्ट्री में स्थापित सभी धारणाओं को तोड़ने वाली फिल्म होगी। फिल्म का कथानक उम्दा है। इस फिल्म से राहुल शर्मा के रूप में एक अच्छा कलाकार इंडस्ट्री को मिलेगा, तो अक्षरा सिंह की भी अदाकारी दर्शकों को नए अंदाज में देखने को मिलेगी।

यह फिल्म हर एक कलाकार और तकनीशियन की मेहनत से आकार ले पाई है, जो अब सही समय पर दर्शकों के बीच होगी।

गौरतलब है कि फिल्म 'डार्लिंग' में अक्षरा सिंह और राहुल शर्मा के साथ शुरुश्ती पाठक, अमित शुक्ला, संजय महानंद, रोहित सिंह मटरू और सुजान सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का गीत रजनीश मिश्रा, प्रफुल्ल तिवारी और संतोष उत्पाती का है। म्यूजिक रजनीश मिश्रा ने दिया है। एक्शन दिलीप यादव का है। कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और संजीव शर्मा ने की है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 30 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए ने गत 27 फरवरी को दुबई से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान में सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतने के मामले में एयरलाइन पर शुक्रवार को 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। शिकायत के मुताबिक, एयर इंडिया की इस उड़ान के पायलट ने अपनी महिला मित्र को कॉकपिट में घुसने की मंजूरी दे दी थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस मामले की जांच के बाद जारी एक बयान में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही उड़ान के पायलट का लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### महिला बनेगी ट्विटर की नई सीईओ

सेन फ्रांसिस्को। एलन मस्क ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें ट्विटर के लिए एक नया सीईओ या 'एक्स कॉर्प' मिल गया है। ट्विटर के सीईओ को अब इसी नाम से जाना जाता है। उन्होंने नये सीईओ का नाम नहीं बताया, लेकिन कहा कि वह एक महिला हैं और लगभग छह सप्ताह में काम शुरू कर देंगी। मस्क ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद खुद इसे संचालित कर रहे हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि वह कंपनी के स्थायी सीईओ नहीं हैं। अरबपति कारोबारी और टेस्ला के प्रमुख ने एक ट्वीट में कहा कि उनकी भूमिका ट्विटर के कार्यकारी चेयरमैन और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में बनी रहेगी। मस्क लगभग छह महीने से कह रहे थे कि वह ट्विटर के लिए एक नया सीईओ तलाश रहे हैं।

### सोना 710 रुपए व चांदी 2,690 रुपए लुढ़की

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 710 रुपये टूटकर 60,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,690 रुपये लुढ़ककर 73,445 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 710 रुपये की गिरावट के साथ 60,970 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी।''

### टाटा ने 200 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए किया करार

नई दिल्ली। टीपी सौर्या ने राजस्थान के बीकानेर में 200 मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित करने के लिए टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लि. के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। टीपी सौर्या लिमिटेड, टाटा पावर की एक शाखा टाटा पावर रीन्यूवेबल एनर्जी लि. की अनुषंगी कंपनी है। टाटा पावर ने शेयर बाजार को बताया, इस समझौते से, टीपीआरईएल की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 6,788 मेगावाट हो गई है। इसमें 3,917 मेगावाट (सौर ऊर्जा 2,989 मेगावाट और पवन ऊर्जा 928 मेगावाट) स्थापित क्षमता और 2,871 मेगावाट लागू होने के विभिन्न चरणों में है। कंपनी ने बताया कि यह संयंत्र मार्च, 2024 में शुरू हो जाएगा।

### एक्सिस बैंक और इंडिया शेल्टर फाइनेंस में करार

मुंबई। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक और गुड़गांव स्थित हाउसिंग फाइनेंस कंपनी इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. ने आज सह.ऋण मॉडल के तहत महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के साथ दोनों ऋणदाता अर्ध.शहरी क्षेत्रों में मध्यम और निम्न आय वर्ग के उधारकर्ताओं को प्रत्याभूत एमएसएमई ऋण प्रदान करेंगे। बैंक के मुनीश शारदा ने कहा इस साझेदारी के माध्यम से हम मॉर्गिज सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे और बैंक को अपने प्राथमिकता वाले सेक्टर लेंडिंग पोर्टफोलियो को बढ़ाने में मदद करेंगे।

### सिप्ला को 526 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 45 प्रतिशत बढ़कर 526 करोड़ रुपये रहा। घरेलू एवं अमेरिकी बाजार में मजबूत बिक्री के कारण कंपनी का लाभ बढा है। चौथी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 5,739 करोड़ रुपये हो गई, जो जनवरी-मार्च, 2022 में 5,260 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ने पिछले वित्त वर्ष के लिए दो रुपये के प्रत्येक शेयर पर 8.50 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। (एजेंसियां)

# खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 4.7 फीसद पर

■ नई दिल्ली (भाषा)।

■ अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद सबसे निचले स्तर पर

■ रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति के 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया

खाने का सामान सस्ता होने से अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 18 महीनों के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़े में यह जानकारी दी गई।

यह लगातार दूसरा महीना है जब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में है। आरबीआई को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

आंकड़ों के अनुसार सीपीआई-आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल मार्च में 5.66 प्रतिशत तथा एक साल पहले अप्रैल महीने में 7.79 प्रतिशत थी। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। उस समय यह 4.48 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अप्रैल में 3.84 प्रतिशत रही जो मार्च में 4.79 प्रतिशत थी। एक साल पहले अप्रैल महीने में 8.31 प्रतिशत थी। अनाज, दूध और फल आदि की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर 2022 में 5.7 प्रतिशत से बढ़कर इस साल फरवरी में 6.4 प्रतिशत पर आ गयी थी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति के 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 82.16 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 82.16 (अस्थायी) प्रति डॉलर रह गया। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख और विदेशी निवेश बढ़ने से रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों में गिरावट की वजह से अमेरिकी डॉलर को समर्थन मिला। इससे वैश्विक बाजारों में एक सकारात्मक संदेश गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.11 प्रति डॉलर के भाव पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 82.16 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.09 के उच्च स्तर तक गया और 82.23 के निचले स्तर तक आया।पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# सेब पर आयात शुल्क 100 फीसद करने की मांग

■ शिमला (भाषा)।



■ हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों के संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार सेब पर आयात शुल्क 50 फीसद से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करे : कांग्रेस

■ राज्य में 94000 हेक्टेयर भूमि पर होती है सेब की खेती

हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार को सेब उत्पादकों के संरक्षण के लिए इसके आयात पर लागू सीमा शुल्क को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर देना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा कि बड़े पैमाने पर विदेशों से सेब आयात किए जाने से हिमाचल के सेब उत्पादक किसानों को वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को उनसे (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) आग्रह करना चाहिए कि सेब के आयात पर सीमा शुल्क को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया जाए।'

केंद्र सरकार ने कुछ दिन पहले ही 50 रुपये प्रति किलो से कम आयात मूल्य वाले सेब के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिमाचल की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने गत मंगलवार को केंद्र सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा था कि इससे राज्य के सेब उत्पादक किसानों को फायदा पहुंचेगा। भारत में दूसरे देशों से 38.5 करोड़ डॉलर मूल्य के सेब आयात किए गए। इसकी वजह से स्थानीय सेब उत्पादकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सेब की बागवानी के लिए मशहूर हिमाचल में सेब उत्पादक किसानों को वाजिब दाम दिलाने का मुद्दा चुनाव में भी खूब चर्चा में रहा था। राज्य में 94,000 हेक्टेयर से अधिक भूभाग में सेब उगाया जाता है और सेब से जुड़ी आर्थिक गतिविधियां करीब 5,000 करोड़ रुपये हैं।

# भारत में बिक्री की विशाल संभावनाएं : बोइंग

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ता विमानन बाजार

■ नई दिल्ली (भाषा)।



गो फर्स्ट संकट से भारतीय विमानन क्षेत्र की वृद्धि रफ्तार प्रभावित नहीं होगी

अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग ने शुक्रवार को कहा कि गो फर्स्ट संकट से भारतीय विमानन क्षेत्र की वृद्धि रफ्तार प्रभावित नहीं होगी। बोइंग के मुताबिक भारत में नागर विमानन बाजार की वृद्धि और वृहद रुझानों में कोई बदलाव नहीं आएगा तथा विमान पट्टे पर देने के पहलुओं पर कानूनी स्पष्टता से पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों को राहत मिलेगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ रहा विमानन बाजार है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय विमानन कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 2,200 से अधिक विमानों की जरूरत होगी।

नकदी संकट से जूझ रहे गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने के मद्देनजर बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि जब कोई एयरलाइन वित्तीय चुनौतियों का सामना करती है, तो इससे प्रबंधन, कर्मचारी तथा सभी संबद्ध पक्ष प्रभावित होते हैं और समग्र परिवहन अवसंरचना पर इसका दबाव पड़ता है।

यह पूछने पर कि क्या गो फर्स्ट संकट का देश के विमानन बाजार पर प्रभाव पड़ेगा, गुप्ते ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता है और वृद्धि जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ''आमतौर पर, हम ऐसा नहीं मानते हैं कि वृद्धि और वृहद रुझानों के संदर्भ में बाजार में बदलाव होगा... प्रगति कभी भी एक सीधी रेखा में नहीं होती है और उतार-चढ़ाव हमेशा होते हैं।'' बोइंग इंडिया के प्रमुख ने बातचीत में कहा, ''गो फर्स्ट आज जिन चुनौतियों से गुजर रही है, उनके बावूजद भारत में वृद्धि जारी रहेगी।''

इस बीच, विमान पट्टेदारों ने गो फर्स्ट के खिलाफ शुरू की गई दिवाला कार्यवाही के बारे में चिंता जताई है, क्योंकि ऐसे में उन्हें संकटग्रस्त विमानन कंपनी को पट्टे पर दिए गए विमानों को वापस लेने से रोक दिया गया है।

भारत में, घरेलू एयरलाइंस ज्यादातर पट्टे पर विमान लेती हैं। इस बारे में गुप्ते ने कहा कि केप टाउन सम्मेलन के संदर्भ में पट्टे पर लिए गए विमानों पर कानूनी स्पष्टता से पट्टेदारों को सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हवाई जहाज एक महंगी संपत्ति है और पट्टेदार वास्तव में यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी संपत्ति उन्हें मिल सके।

# सतत विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने की जरूरत



टोक्यो (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सतत विकास और पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुये आज कहा कि इन दोनों के बीच लघु और दीर्घकालिक स्तर पर संतुलन बनाने की जरूरत है। श्रीमती सीतारमण ने निगाता में जी7 के एक सम्मेलन में जलवायु सुरक्षा और विकास को लेकर दुविधा स्थिति का उल्लेख करते हुये कहा कि ये एक दूसरे से जुड़े होने के साथ ही सामाजिक आर्थिक परिवर्तन पर भी प्रभाव डालते हैं।

उन्होंने कहा कि टेक्नॉलाजी गरीब को बाजार तक पहुंचाने और मूलभूत सेवाओं तक उनकी पहुंच को सुनिश्चित कर सकती है। जीडीपी के संकेतों से आगे बढ़कर सशक्तिकरण के तरीकों पर भी विचार करने की जरूरत है। इसके बाद श्रीमती सीतारमण ने जी 7 वित्त मंत्री केन्द्रीय बैंक गवर्नर की बैठक के एक सत्र में विकास की चुनौतियों पर जिक्र किया और कहा कि भारत का तेजी से सुधार वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के लिए चमकता हुआ सितारा है।

उन्होंने कहा कि जी 20 कॉमन फ्रेमवर्क में सुधार की जरूरत है जिससे सभी हितधारकों में विश्वास और सहयोग को बल मिल सके।

इससे पहले श्रीमती सीतारमण ने सुबह में सबसे पहले ब्राजील के वित्त मंत्री के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की और अगले वर्ष ब्राजील को मिलने वाली जी 20 अध्यक्षता में हर संभव सहयोग की भी पेशकश की। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक से भी भेंट की। इसी तरह से उन्होंने सिंगापुर के उप प्रधानमंी और वित्त मंत्री के साथ भी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इसी क्रम में आईएफएम की एफडीएमडी गीता गोपीनाथ के साथ भी चर्चा की।

# सेंसेक्स 123 अंक चढ़कर पांच महीनों के उच्च स्तर पर



मुंबई (भाषा)। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बावजूद घरेलू बाजारों में शुक्रवार को बैंक एवं वाहन शेयरों में खरीदारी होने से मानक सूचकांक सेंसेक्स पांच महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 123.38 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 62,027.90 अंक पर बंद हुआ। यह 12 दिसंबर, 2022 के बाद सेंसेक्स का उच्चतम स्तर है।

हालांकि बाजार की शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 61,578.15 के स्तर पर गिर गया था। लेकिन दोपहर बाद के कारोबार में वित्तीय एवं वाहन कंपनियों में खरीदारी आने से सेंसेक्स पांच महीनों के उच्च स्तर पर जाकर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 17.80 अंक यानी 0.1 प्रतिशत चढ़कर 18,314.80 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 1.92 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, बजाज फाइनेंस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ पावर ग्रिड के शेयर में 2.67 प्रतिशत की तगड़ी गिरावट रही। एशिया के ज्यादातर बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 595.98 अरब डॉलर पर

■ मुंबई (भाषा)।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 05 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.2 अरब डॉलर बढ़कर 595.98 अरब डॉलर हो गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 588.8 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.54 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 526.02 अरब डॉलर पर पहुंच गयी।

इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 65.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.32 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि दो करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 5.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# सेमीकंडक्टर विनिर्माण में अलग पहचान बना रहा भारत

■ नई दिल्ली (भाषा)।



■ आईटीएवं इलेक्ट्रानिक्स राज्य मंत्री आर चन्द्रशेखर के अनुसार 27 से 30 डिजाइन एवं सेमीकंडक्टर स्टार्टअप अच्छा प्रदर्शन कर रहे

■ एप्पल, सिस्को और सैमसंग समेत कई कंपनियां भारत में विनिर्माण की इच्छुक

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक आपूर्ति एवं मूल्य श्रृंखला में अपना स्थान मजबूती से बना रहा है और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भी यह अपनी अलग पहचान बनाने की राह पर है।

चंद्रशेखर ने कहा कि सिर्फ डेढ़ साल पहले तक सेमीकंडक्टर डिजाइन के स्टार्टअप लगभग नदारद थे लेकिन वर्ष 2024 तक इनकी संख्या 100 के करीब पहुंचने जा रही है। इस समय 27-30 डिजाइन एवं सेमीकंडक्टर स्टार्टअप बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने एप्पल, सिस्को और सैमसंग जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की तरफ से भारत में विनिर्माण की प्रतिबद्धता जताए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के भविष्य और वैश्विक आपूर्ति एवं मूल्य शृंखला और नवोन्मेषी परिवेश में भारत की भूमिका मजबूती से स्थापित हो चुकी है।

चंद्रशेखर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित तीसरे सेमीकॉनइंडिया फ्यूचरडिजाइन रोडशो को संबोधित करते हुए कहा, 'हम बहुत जल्द एक फैब्रिकेशन सेंटर शुरू करने जा रहे हैं और इसके अलावा पहले पैकेजिंग निवेश की भी घोषणा करेंगे। हम भारत का सेमीकंडक्टर अनुसंधान केंद्र भी शुरू करने जा रहे हैं। इस तरह सेमीकंडक्टर नवोन्मेष, इलेक्ट्रॉनिक्स नवाचार और विनिर्माण के भविष्य में भारत की जगह निश्चित रूप से बनने जा रही है।' उन्होंने कहा कि भारत ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 76,000 करोड़ रुपये की योजना शुरू की हुई है। इसके अलावा प्रतिभाओं की बड़ी तादाद और कौशल-विकास कार्यक्रम भी भारत को सेमीकंडक्टर देश के तौर पर विकसित कर रहे हैं।

चंद्रशेखर ने कहा, इंडिया डिकेड भारत के लिए प्रौद्योगिकी अवसरों से भरा हुआ दशक है। ये प्रौद्योगिकी अवसर देश भर के युवाओं के लिए उपलब्ध हैं।'इस कार्यक्रम में सिकोया कैपिटल इंडिया ने इस साल के अपने दूसरे सेमीकंडक्टर निवेश की घोषणा की। सिकोया ने इनकोर सेमीकंडक्टर्स को शुरुआती वित्तपोषण दौर में 30 लाख डॉलर का वित्त देने का ऐलान किया है।

# वनस्पति तेल आयात पहली छमाही में 21 फीसद बढ़ा

■ नई दिल्ली (भाषा)।



देश का वनस्पति तेल आयात चालू तेल वर्ष की पहली छमाही में 21 प्रतिशत बढकर 81.10 लाख टन हो गया। उद्योग निकाय एसईए ने शुक्रवार को कहा कि रिफाइंड पाम तेल की आवक बढने के कारण यह बढोतरी हुई, जो चिंता की बात है। तेल वर्ष 2021-22 की समान अवधि में वनस्पति तेल का आयात 67.07 लाख टन था। तेल वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

हालांकि, यदि मार्च 2023 से तुलना की जाए तो अप्रैल में वनस्पति तेलों का आयात 10 प्रतिशत कम रहा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, ''मौजूदा तेल वर्ष के पहले छह महीनों में आरबीडी पामोलिन के आयात में 11.01 लाख टन की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कुल पाम तेल आयात का लगभग 22 प्रतिशत है। इसके चलते घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है।''

एसईए ने एक बयान में कहा कि देश में पाम तेल रिफाइनिंग उद्योग आरबीडी पामोलिन के अत्यधिक आयात के कारण पीड़ित है और यह अब सिर्फ पैकर्स उद्योग में तब्दील हो रहा है। निकाय ने कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर को मौजूदा 7.5 प्रतिशत से बढाकर कम से कम 15 प्रतिशत करना चाहिए। इसके अलावा आरबीडी पामोलीन पर अतिरिक्त 7.5 प्रतिशत कृषि उपकर लगाना चाहिए।

## लखनऊ आईओटी पार्क लांच करेगा सुरक्षित और कम ऊर्जा खपत वाले समाधान

लखनऊ। लखनऊ आईओटी पार्क कल राजधानी में डीसी (डायरेक्ट करंट) डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, आईओटी आधारित बिल्डिंग ऑटोमेशन और वर्चुअल रियलिटी आधारित प्रोजेक्ट डिजाइन समाधान लॉन्च कर रहा है। यह जानकारी लखनऊ आईओटी पार्क के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक विनय अग्रवाल ने आज यहां दी।

उन्होंने बताया कि अमेरिका, जर्मनी और स्विटजरलैंड की प्रमुख कंपनियां नोएडा में अपनी उत्पादन इकाइओं पर लगभग 250 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को नयी टेक्नालॉजी से रूबरू कराने के लिए सुशांत गोल्फ सिटी के होटल सेंट्रम में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जहां पर शहरों को आग, बिजली के झटकों से सुरक्षित बनाने और कम ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के संबध में उपकरण प्रदर्शित किये जाएंगे। प्रदर्शनी में टेस्ला पावर यूएसए, माइक्रोसेंस, लेगेरो, बेलिमो, हेनरिच और ट्रेजी भाग ले रही हैं।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर 1.1 फीसद हुई

■ नई दिल्ली (वार्ता)।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मार्च 2023 में धीमी पड़ कर सालाना आधार पर 1.1 प्रतिशत रही। इस वर्ष फरवरी में औद्योगिक उत्पादन पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में 5.6 प्रतिशत बढ़ा था।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वियन मांलय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में खनन क्षो का उत्पादन साल-दर-साल 6.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इस अवधि के दौरान विनिर्माण क्षो के उत्पादन में सालाना आधार पर वृद्धि मा 0.5 प्रतिशत रही। मार्च में बिजली उत्पादन में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के निदेशक (अनुसंधान) विवेक राठी ने कहा, ''औद्योगिक वृद्धि में नरमी मुख्य रूप से विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि में कमी के कारण है। पूंजी और बुनियादी ढांचे/निर्माण क्षो के उत्पादन में हालांकि वृद्धि ऊंचे स्तर पर बनी हुई है, जो अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत है।''

राठी ने कहा कि घरेलू खपत में सुधार के संकेत अभी भी असमान हैं, क्योंकि टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में अभी तेजी आना बाकी है।

इससे पहले जारी आंकड़ों में मार्च 2023 में आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त उत्पादन की वृद्धि दर साल-दर-साल 3.6 प्रतिशत रही जो पांच महीने के निचले स्तर पर आ गयी थी। आईआईपी में इन आठ उद्योगों का अंशदान 40.27 प्रतिशत है।

मिलवुड केन इंटरनेशनल के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नीश भट्ट ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन में गिरावट चिंता का कारण है।

आईआईपी 1.1 प्रतिशत पर बाजार की उम्मीद से काफी नीचे रहा। उन्होंने कहा कि खासकर गर्मियों के महीनों में बिजली की मांग में गिरावट एक बड़ा नकारात्मक संकेत है।

## टाटा मोटर्स को 5408 करोड़ का शुद्ध मुनाफा

■ नई दिल्ली (भाषा)।

घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स का बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 5,408 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में कंपनी को 1,033 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

टाटा मोटर्स के अनुसार चौथी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढकर 1,05,932 करोड़ रुपये हो गई, जो जनवरी-मार्च, 2022 में 78,439 करोड़ रुपये थी। वाहन विनिर्माता का एकल आधार पर शुद्ध लाभ समीक्षाधीन तिमाही में 2,696 करोड़ रुपये रहा, जो इससे एक वर्ष पहले 413 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में 2,414 करोड़ रु. का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले वर्ष में कंपनी को 11441 करोड़ रु. का शुद्ध घाटा हुआ था।

कंपनी का एकीकृत राजस्व 2021-22 के 2,78,454 करोड़ रु. से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 3,45,967 करोड़ रु. हो गया।

# मुंबई में पहली पारी में लगा सूर्य ग्रहण, फिर राशिद ने बिखेरी चमक

## आईपीएल-16 : राशिद खान की तूफानी पारी गई बेकार, मुंबई ने गुजरात को 27 रन से हराया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2023 के 57वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 27 रन से हरा दिया है। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 103 रन की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए। जवाब में खराब शुरुआत से गुजरात टाइटंस की टीम उबर नहीं सकी और राशिद के तूफानी अर्धशतक के बावजूद गुजरात की टीम 20 ओवर में 191 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने तीन, चावला और कार्तिकेय ने 2-2 विकेट लिए।

219 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की शुरुआत खराब रही। पावरप्ले में ही टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। साहा (2), शुभमन गिल (6) और कप्तान हार्दिक पंड्या 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विजय शंकर ने 14 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके लगाए। अभिनव मनोहर दो रन ही बना सके। इसके बाद डेविड मिलर ने दमदार बल्लेबाजी की और 26 गेंद में 41 रन बनाए।

अपनी पारी में उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इस बीच राशिद खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। राशिद खान ने अल्जारी जोसेफ के साथ मिलकर नौवें विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। राशिद खान 32 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद लौटे। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 10 छक्के लगाए।

### राशिद का डबल धमाल

इससे पूर्व मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार के दमदार शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए हैं। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ 103 रन बनाए। उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर अपना शतक भी पूरा किया। सूर्यकुमार ने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर अपना शतक पूरा किया। सूर्यकुमार 49 गेंद में 103 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 6 छक्के लगाए। गुजरात टाइटंस के लिए राशिद खान ने 4 विकेट चटकाए।







### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन पगबाधा राशिद | 31 | 20 | 4/1 |
| रोहित कै. तेवतिया बो. राशिद | 29 | 18 | 3/2 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 103 | 49 | 11/6 |
| नेहाल वढेरा बो. राशिद | 15 | 07 | 1/1 |
| विष्णु विनोद कै. मनोहर बो. मोहित | 30 | 20 | 2/2 |
| टिम डेविड कै. एवं बो. राशिद | 05 | 03 | 1/0 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 2, **कुल:** 20 ओवर में पांच विकेट पर 218 रन **विकेट पतन:** 1-61, 2-66, 3-88, 4-153, 5-164, **गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 4-0-53-0, मोहित शर्मा 4-0-43-1, राशिद खान 4-0-30-4, नूर अहमद 4-0-38-0, अल्जारी जोसेफ 4-0-52-0,

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा पगबाधा आकाश | 02 | 05 | 0/0 |
| शुभमन गिल बो. आकाश | 06 | 09 | 0/0 |
| हार्दिक पंड्या कै. किशन बो. जेसन | 04 | 03 | 1/0 |
| विजय शंकर बो. चावला | 29 | 14 | 6/0 |
| डेविड मिलर पगबाधा आकाश | 41 | 26 | 4/2 |
| अभिनव मनोहर बो. कार्तिकेय | 02 | 03 | 0/0 |
| राहुल तेवतिया कै. ग्रीन बो. चावला | 14 | 13 | 1/0 |
| राशिद खान नाबाद | 79 | 32 | 3/10 |
| नूर अहमद बो. कार्तिकेय | 01 | 03 | 0/0 |
| अल्जारी जोसेफ | 07 | 12 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन **विकेट पतन:** 1-7, 2-12, 3-26, 4-48, 5-55, 6-100, 7-100, 8-103 **गेंदबाजी:** जेसन बेहरनडॉर्फ 4-0-37-1, आकाश मधवाल 4-0-31-3, क्रिस जॉर्डन 4-0-34-0, पीयूष चावला 4-0-36-2, कुमार कार्तिकेय 3-0-37-2, कैमरन ग्रीन 1-0-13-0,

### ऑरेंज कैप



1 फाफ डु प्लेसिस 576

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 84 | 57.60 | 45 | 32 | 6 | 0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | 4 | 6 | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | यशस्वी | 12 | 575 | 124 | 52.27 | 74 | 26 | 4 | 1 |
| 3 | सूर्यकुमार | 12 | 479 | 103* | 43.55 | 52 | 24 | 4 | 1 |
| 4 | शुभमन गिल | 12 | 475 | 94* | 43.18 | 49 | 13 | 4 | 0 |
| 5 | डेवोन कॉन्वे | 12 | 468 | 92* | 52.00 | 55 | 13 | 5 | 0 |

### पर्पल कैप



1 राशिद खान 23

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 12 | 23 | 8.04 | 30/4 | 1/0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | विकेट | बेस्ट | इकोनॉमी | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | चहल | 12 | 21 | 17/4 | 7.91 | 3/0 |
| 3 | पीयूष चावला | 12 | 19 | 22/3 | 7.59 | 0/0 |
| 4 | मो. शमी | 12 | 19 | 11/4 | 7.24 | 1/0 |
| 5 | तुषार देशपांड़े | 12 | 19 | 45/3 | 10.01 | 0/0 |

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 12 | 08 | 04 | 16 | 0.761 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 07 | 04 | 15 | 0.493 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 07 | 05 | 14 | -0.117 |
| राजस्थान रॉयल्स | 12 | 06 | 06 | 12 | 0.633 |
| लखनऊ सुपर जांयट्स | 11 | 05 | 05 | 11 | 0.294 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.345 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 12 | 05 | 07 | 10 | -0.357 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.441 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 04 | 06 | 08 | -0.472 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.605 |

## वर्ल्ड बॉक्सिंग : कांसे से ही करना पड़ा दीपक, हुसामुद्दीन और निशांत को संतोष

ताशकंद। भारतीय मुक्केबाज दीपक भोरिया और निशांत देव को शुक्रवार को यहां विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में करीबी सेमीफाइनल मुकाबले हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में अपना अभियान तीन कांस्य पदकों के साथ समाप्त किया, जो इस वैश्विक आयोजन के किसी भी संस्करण में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दीपक को 51 किग्रा वर्ग के करीबी सेमीफाइनल में बाउट रिव्यू होने के बाद फ्रांस के बिलाल बेनेमा के हाथों 3-4 की हार का सामना करना पड़ा। कजाखस्तान के अस्लनबेक शिम्बेरगेनोव ने 71 किग्रा वर्ग में निशांत को 5-2 से मात दी। इससे पूर्व मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने घुटने की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद कांस्य से संतोष किया था।

**वैश्विक आयोजन में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

## भारत से बेहद सस्ते में पड़ेंगी इन देशों की यात्रा, कम जेब खर्च के साथ देख सकेंगे खूबसूरत नजारे

घूमने का शौक रखने वाला हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक बार तो विदेश यात्रा की इच्छा रखता है। वहीं अगर युवाओं की बात करें तो हर दूसरा युवक विदेश जाना चाहता है। जब भी हम किसी फिल्म या सोशल मीडिया में किसी विदेशी जगह को देखते हैं। तो मन ही मन वहां जाने का ख्वाब भी सजा लेते लेते हैं। लेकिन भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा और विदेश यात्रा में काफी अंतर होता है। जिसमें से पहला अंतर तो बजट का आता है। क्योंकि विदेश यात्रा के दौरान अधिक खर्च होता है। ऐसे में अगर आप भी विदेश यात्रा का सपना रखते हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको इस आर्टिकल के माध्यम से उन देशों में यात्रा के बारे में बताएंगे। जो अन्य जगहों से काफी सस्ते हैं। बता दें दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जो अपने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सस्ते ट्रेवल पैकेज ऑफर करते हैं। आप इन देशों की यात्रा अपने बजट के हिसाब से कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन देशों की यात्रा को आराम से अफोर्ड कर सकते हैं।

**नेपाल**– भारत की सीमा से सटा देश नेपाल घूमने के लिहाज से काफी अच्छा और बेहतर डेस्टिनेशन है। अगर आप ज्यादा दिनों की ट्रिप प्लान नहीं करना चाहते तो नेपाल आपके लिए बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। नेपाल जाने के लिए आपको राजधानी दिल्ली से काठमांठू के लिए फ्लाइट मिल जाएगी। फ्लाइट के जरिए आप महज डेढ़ घंटे में नेपाल पहुंच जाएंगे। यहां के लिए आपको बस सेवा भी मिल जाएगी। नेपाल पहुंचने के बाद आप यहां के माउंट एवरेस्ट बेस कैंप, खूबसूरत मठों और मंदिर आदि घूम सकते हैं। बता दें कि नेपाल में भारतीय रुपए की ज्यादा कीमत है।

**वियतनाम**– खरीददारी और घूमने के लिहाज से वियतनाम भी बेहद सस्ता देश है। बता दें कि यहां पर एक रुपए की कीमत 334.68 वियतनामी दोंग है। इसलिए आप इस देश की खूबसूरती को जी भर निहार सकते हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में शामिल वियतनाम की यात्रा सबसे सस्ते देशों में से है। वियतनाम में आप लैंडस्केप, लजीज स्ट्रीट फूड, गुफाएं और समुद्र तट आदि घूम सकते हैं।

**श्रीलंका**– अगर आप भी विदेश यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो श्रीलंका घूमने जा सकते हैं। घूमने के लिहाज से श्रीलंक काफी सस्ता देश है। बता दें कि केरल से भी कम बजट में श्रीलंका की ट्रिप कर सकते हैं। श्रीलंका में आप कम दिनों के साथ ही कम बजट की ट्रिप पर जा सकते हैं। यहां पर एक रुपए की कीमत श्रीलंका के 2.30 रुपए के बराबर है। यहां पर आप कई खूबसूरत समुद्रीय तटों पर घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मलेशिया**– भारत से उड़ान भर आप महज 4 घंटे में मलेशिया पहुंच सकते हैं। मलेशिया घूमने के लिए हर साल कई पर्यटक आते हैं। मलेशिया का प्रमुख पर्यटन स्थल कुआलालंपुर है। आप यहां स्काई स्क्रेप्स का मजा ले सकते हैं। मलेशिया में गुफाएं और बुकिट बिटांग जैसे मार्केट घूम सकते हैं।

# Filmiतड़का

## सोनाक्षी की दहाड़ ने लूटा शो



**मुंबई।** फिल्म दबंग में आपने सलमान खान की दबंगई तो खूब देखी होगी, लेकिन क्या कभी सोचा था उनकी रज्जो (सोनाक्षी सिन्हा) भी स्क्रीन पर अपना रौब दिखाएंगी, नहीं ना? वेब सीरीज दहाड़ में सोनाक्षी की दहाड़ किसी को भी दंग कर सकती है। सलमान तो फिल्म में चुलबुले थे, लेकिन यहां सोनाक्षी एंग्री वूमन रोल में हैं। क्राइम, मिस्ट्री, थ्रिलर सीरीज दहाड़ स्ट्रीम हो गई है तो चलिए जानते हैं ये कैसी बनी है ये सीरीज। इस डिपार्टमेंट में सोनाक्षी सिन्हा सरप्राइज करेंगी। फिल्मी पर्दे पर फ्लॉप सोनाक्षी ने दबंग लेडी पुलिस इंस्पेक्टर का रोल बखूबी निभाया है। ये उनका ओटीटी डेब्यू है। कॉमिक रोल्स में जहां वे कम आंकी जाती हैं, वहीं गंभीर किरदार में उनका काम दमदार दिखा। उन्होंने एक ठेठ लेडी इंस्पेक्टर का रोल ऑर्गेनिकली निभाया है। इस किरदार के लिए की गई उनकी मेहनत साफ दिखती है। वहीं दहाड़ की स्क्रीनिंग पर सोनाक्षी के साथ उनकी फिल्म डबल एक्सएल को-स्टार हुमा कुरैशी के साथ पोज देती नजर आईं। फिल्म में दोनों एक्ट्रेस लीड रोल में नजर आईं और यहां भी दोनों की जोड़ी कैमरे में जम गई। हालांकि, सोनाक्षी के इस शो के प्रमोशन पर हुमा ने मजमा लूट लिया। हुमा यहां बेहद ग्लैमरस दिख रही थीं और सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनी रहीं।

## असित पर लगे आरोपों की जांच शुरू



**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री ने शो के प्रोड्यूसर असित मोदी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उनकी लिखित शिकायत पर अब मुंबई पुलिस ने केस की जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस केस में एफआईआर दर्ज किया जाना बाकी है। पुलिस का कहना है कि वो जल्द ही इस मामले से जुड़े सभी लोगों का स्टेटमेंट रिकॉर्ड करेगी। जेनिफर ने अपनी शिकायत में असित के अलावा शो के कुछ अन्य क्रू मेंबर्स पर भी यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जेनिफर ने असित पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे कई सालों से उनके साथ बुरा बर्ताव करते आए हैं। ये सिलसिला 2019 से चल रहा है। हम शूटिंग के लिए सिंगापुर गए थे।

**रोशन भाभी की शिकायत पर मुंबई पुलिस हरकत में**




## जब तक बैठने को ना कहा जाए शराफत से खड़े रहो..

**मुंबई।** 'जब तक बैठने को ना कहा जाए शराफत से खड़े रहो, ये पुलिस स्टेशन है, तुम्हारे बाप का घर नहीं'। बताने की जरूरत नही हैं ये किस फिल्म का डायलॉग है और किस पर फिल्माया गया है। अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में क्लासिक मूवी 'जंजीर' शामिल है। यही वह फिल्म है, जिसके जरिए इंडस्ट्री में 'एंग्री यंग मैन' की फिल्मों का सिलसिला शुरू हुआ था। 11 मई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 50 साल पूरे कर लिए हैं।

**50 साल की हुई जंजीर**

## बिग बैश लीग में अब 56 के बजाए खेले जाएंगे 40 मैच

**मेलबर्न।** ब्रॉडकास्टर्स से हुए अनुबंध के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग को छोटा करने का निर्णय किया है। अब बीबीएल में 56 मुकाबलों के बजाय कुल 40 मुकाबले खेले जाएंगे। इससे हर टीम अब सिर्फ 10 मैच खेलेगी। बीबीएल में यह नया प्रावधान इसी गर्मियों से जोड़ा जाएगा। लीग मैचों के अलावा फाइनल सीरीज को भी छोटा किया जाएगा। पांच के बजाए अब चार टीम ही फाइनल सीरीज में प्रवेश करेंगी। हालांकि इसकी रूपरेखा अभी तक तय नहीं की गई है।

## जोस बटलर पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के इंग्लिश स्टार जोस बटलर पर आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है, क्योंकि बटलर रन आउट को लेकर जायसवाल के साथ एक गलतफहमी में शामिल थे।

# सिटी स्पोर्ट्स

## एनसीए में ट्रेनिंग के लिए मप्र की सौम्या चयनित



**भोपाल।** भारतीय वुमेंस सेलेक्शन कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश से एकमात्र प्लेयर सौम्या तिवारी का चयन हाई परफॉरमेंस गर्ल्स (अंडर 23) एनसीए बेंगलुरु में 15 मई से 11 जून 2023 तक आयोजित होने वाले कैंप के लिए किया गया है। सौम्या ने हाल ही में भारतीय अंडर-19 टीम को पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर भारत को गौरांवित किया। इस कैंप और आगे के चरणों द्वारा भारतीय अंडर-23 गर्ल्स टीम का चयन होगा। अरेरा अकादमी ने सौम्या तिवारी को इस उपलब्धि पर बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंटर डिवीजन क्रिकेट : नर्मदापुरम और इंदौर संभाग की शानदार जीत

**भोपाल।** लिमिटेड ओवर्स अंडर 22 इंटर डिवीजन टूर्नामेंट 2022-23 में नर्मदापुरम और इंदौर संभाग ने अपने -अपने मैच जीते। फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर नर्मदापुरम के विरुद्ध भोपाल संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाए। इसमें पृथ्वीराज तोमर ने 56 और साद बग्गड़ ने नाबाद 50 रन बनाए। चिरंजीव वालिया और आर्यन देशमुख ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में नर्मदापुरम ने 44 ओवरों में 7 विकेट पर 219 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसमें राहुल चंद्रोल ने 77 और अखिल यादव ने 55 रन बनाए। प्रियांशु शुक्ला ने 4 विकेट लिए। एक अन्य मैच में इंदौर संभाग ने रीवा संभाग को 98 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौतम जोशी (121*) रहे।

## सेलेक्शन मैच में खेलेंगी श्रेया, खुशी और पलक



**भोपाल।** एमपी अंडर-18 गर्ल्स टीम के चयन हेतु एमपीसीए द्वारा सेलेक्शन मैच इंदौर में दिनांक 15 से 17 मई तक आयोजित किए जाएंगे। भोपाल से श्रेया दीक्षित, खुशी यादव और पलक वशिष्ठ का चयन किया गया है जो की अरेरा अकादमी की नियमित छात्र है । साथ ही सुदिति वशिष्ठ, नैनी राजपूत एवं समर्धि सक्सेना का भी चयन किया गया है ।




भारतीय नौसेना की ताकत में अब और इजाफा होने जा रहा है। इस साल के आखिर तक नौसेना को बेहद खतरनाक स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर आईएनएस इम्फाल मिल जाएगा। इस साल के आखिरी महीनों में इसे नौसेना को सौंप दिया जाएगा। इसकी खासियत जहाज का बीम 57 फीट, 535 फीट लंबा, डिस्प्लेसमेंट 7400 टन, 32 एंटी बराक मिसाइल, रेंज 150 किमी, बराक 8 ईआर-मिसाइल, 16 एंटी शिप, लैंड अटैक ब्रह्मोस मिसाइल, 76 एमएम ओएमओ मोराल तोप हैं।

## अति गंभीर चक्रवात में बदला तूफान 'मोचा'

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी पर सक्रिय गंभीर चक्रवाती तूफान'मोचा'तीव्र होकर अति गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले छह घंटों के दौरान नौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ा मोचा अति गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के साथ ही दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी से सटे मध्य में केंद्रित हो गया है। यह अभी पोर्ट ब्लेयर से लगभग 520 किमी पश्चिम- उत्तर पश्चिम में, कॉक्स बाजार (बंगलादेश) से 1010 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में और सितवे (म्यांमार) से 930 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित है।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी क्षेत्र में 115-125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली आंधी हवा चल रही है और इसके 12 मई की शाम से 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़कर 165 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है और आगे बढ़कर 150 प्रति घंटे किलोमीटर तथा 14 मई की सुबह तक 175 किलोमीटर हो जायेगी और उसके बाद धीरे-धीरे कम हो सकती है। चक्रवाती तूफान के 14 मई को उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने तथा पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी एवं दक्षिण-पूर्व बंगलादेश के साथ ही उत्तरी म्यांमार के तटों पर और अधिक तीव्र होने का अनुमान है।



प. बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में गुरुवार रात आई आंधी के बाद जड़ से उखड़ा पेड़।

### एयरबस ए-220 उड़ान पर इराक की रोक

**दोहा, (एजेंसी)।** इराक के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने राष्ट्रीय वाहक 'इराकी एयरवेज' द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे एयरबस ए220 विमानों के संचालन को इंजन में खराबी के कारण निलंबित कर दिया है। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के बयान के अनुसार विमान के इस मॉडल के संचालन को निलंबित करने का निर्णय यात्रियों और हवाई यातायात की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना के कारण लिया गया है, क्योंकि पंजीकरण संख्या वाईआई-एआरआई वाले विमान का इंजन 30 अप्रैल को बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि स्विस एयरलाइंस और इजिप्ट एयर सहित अन्य वायु वाहकों ने ए220 विमान के इंजनों के साथ समान तकनीकी मुद्दों का अनुभव किया था।

### ब्रसेल्स में 15-16 जून से मिलेंगे नाटो के रक्षा मंत्री

**मॉस्को,(एजेंसी)।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सदस्य देशों के रक्षा मंत्री गठबंधन के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की अध्यक्षता में 15 से 16 जून तक ब्रसेल्स में एक बैठक करेंगे। नाटो ने एक बयान में कहा, कि रक्षा मंत्रियों के स्तर पर उत्तरी अटलांटिक परिषद (एनएसी) की बैठक 15-16 जून 2023 को ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग करेंगे। बयान में कहा गया कि बैठक के कार्यक्रम का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है और यह बैठक के करीब उपलब्ध हो जाएगा। नाटो सैन्य समिति के अध्यक्ष रॉब बाउर ने बुधवार को कहा कि नाटो के रक्षा प्रमुखों ने गठबंधन के सदस्य-राज्यों की योजना के साथ नाटो सैन्य योजना के एकीकरण को मजबूत करने की योजना पर चर्चा की।

### डिजिटल से स्वास्थ्य सेवा अंतर को पाटा जाएगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के शोध एवं अनुभव के आदान प्रदान पर जोर देते हुए कहा है कि डिजीटल के प्रयोग से स्वास्थ्य सेवाओं का अंतर पाटर जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रवीन भारती पवार ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बैठक के छठें सत्र की ऑनलाइन अध्यक्षता करते हुए कहा कि मजबूत निगरानी प्रणाली की स्थापना, सहयोगी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ एससीओ राष्ट्रों के बीच समग्र चिकित्सा सेवा एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सत्र में मुख्य भाषण दिया। बैठक में महासचिव झांग मिंग सहित और अन्य भागीदारों ने भी हिस्सा लिया।

### आज का इतिहास

- 1643: चिली में आए विनाशकारी भूकंप में सेंटियागो की एक तिहाई आबादी खत्म हुई।
- 1648: दिल्ली में लाल किले का निर्माण में पूरा हुआ।
- 1830: इक्वेडोर गणराज्य की स्थापना।
- 1952: स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुई।
- 1958: जार्डन और इराक ने अरब फैडरेशन की स्थापना की।
- 1962: सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।
- 1978: देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ।
- 1989: चीन में लगभग 2000 छात्रों ने थियान अन मन चौक पर भूख हड़ताल शुरू की।
- 1995: चेल्सी स्मिथ मिस यूनिवर्स बनीं।
- 1998: भारत ने पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किए।

### समीर वानखेड़े पर ड्रग केस में 25 करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप

## शाहरुख खान के बेटे आर्यन को अरेस्ट करने वाले वानखेड़े के घर CBI रेड



**मुंबई, (एजेंसी)।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार करने वाले मुंबई एनसीबी के पूर्व चीफ समीर वानखेड़े के घर पर शुक्रवार को सीबीआई ने छापा मारा। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि समीर ने क्रूज ड्रग्स केस में आर्यन खान को न फंसाने के लिए 25 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। समीर के एक साथी ने इस मामले में कथित तौर पर 50 लाख रुपए लिए थे। इसी मामले में सीबीआई ने समीर सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एजेंसी ने इनके मुंबई, दिल्ली, रांची और कानपुर में कुल 29 ठिकानों पर छापेमारी की।

**वानखेड़े पर लगे गंभीर आरोप-** समीर वानखेड़े एनसीबी मुंबई के पूर्व चीफ रह चुके हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत से लेकर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान तक बॉलीवुड की कई हस्तियों के केस वानखेड़े के कार्यकाल के दौरान सामने आए। इस दौरान वानखेड़े पर कुछ गंभीर आरोप भी लगे।

गौरतलब है कि समीर वानखेड़े ने आर्यन खान को दो अक्टूबर, 2021 को इस मामले में गिरफ्तार किया था. एनसीबी ने इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था और आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी थी. एनसीबी द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दावा किया था कि वानखेड़े के नेतृत्व वाली जांच में चूक हुई थी। जनवरी 2022 में मुंबई के एनसीबी चीफ समीर वानखेड़े का तबादला राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) कर दिया गया था। इसके बाद मई 2022 में समीर का तबादला डीआरआई से चेन्नई डीजी टैक्सपेयर सर्विस निदेशालय में कर दिया गया।

### अक्टूबर 2021 में हुई थी आर्यन की गिरफ्तारी



समीर वानखेड़े ने 2 अक्टूबर 2021 को मुंबई से गोवा जा रहे कॉर्डेलिया क्रूज में रेव पार्टी की सूचना मिलने के बाद छापेमारी की थी। यहां से आर्यन खान की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद आर्यन 26 दिन तक पुलिस की कस्टडी में रहे, इस दौरान उन्हें आर्थर रोड जेल भी भेजा गया था। आर्यन के खिलाफ पुख्ता सबूत न मिलने की वजह से कोर्ट ने उन्हें 28 अक्टूबर को बेल पर रिहा कर दिया था। केस में गिरफ्तार अरबाज मर्चेंट ने कोर्ट में गवाही दी थी कि आर्यन के पास ड्रग्स नहीं थी और उन्होंने अरबाज को भी ड्रग कैरी करने से मना किया था। शाहरुख खान की पत्नी गौरी ने पहली बार आर्यन खान की गिरफ्तारी पर कहा कि हम जिस दौर से गुजरे हैं, उससे बुरा कुछ नहीं हो सकता है, लेकिन हम फैमिली के रूप में एक अच्छे स्पेस में हैं।

## इमरान खान की गिरफ्तारी पर 17 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

### इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने दी जमानत, कैबिनेट में इमरजेंसी पर फैसला टला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 17 मई तक किसी केस में गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने अल कादिर ट्रस्ट केस में खान को 2 हफ्ते के लिए जमानत देते हुए, 17 मई तक हर केस में गिरफ्तारी से राहत भी दे दी। दरअसल, खान के वकील ने हाईकोर्ट से कहा कि इमरान को बाहर निकलते ही किसी दूसरे केस में गिरफ्तार किया जा सकता है।

इसके बाद कोर्ट ने राहत वाला आदेश जारी किया। लाहौर हाईकोर्ट ने भी खान को 15 मई तक किसी भी केस में गिरफ्तारी से राहत दे दी। शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग के दो दौर हुए। इसमें इमरजेंसी लगाने पर विचार हुआ, लेकिन आखिरी फैसला सोमवार के बाद होगा। इस बीच, सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जमात-ए-इस्लामी के चीफ मौलाना फजल-उर-रहमान ने ऐलान किया कि वो सोमवार से सुप्रीम कोर्ट के सामने धरना प्रदर्शन करेगी। इमरजेंसी के लिए कैबिनेट प्रस्ताव राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को भेजेगी। वो ही इसे मंजूर या नामंजूर कर सकते हैं। पेंच यह है कि अल्वी खुलेआम इमरान की हिमायत करते हैं और वो खान की पार्टी के सदस्य भी हैं। इमरान चाहते हैं कि मुल्क में फौरन इलेक्शन हों, अगर इमरजेंसी लग लग गई तो कम से कम 16 महीने तक चुनाव नहीं हो सकेंगे। इससे इमरान को नुकसान हो सकता है।



### इमरान खान से मिलने पहुंचे राष्ट्रपति अल्वी

रिहाई के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पुलिस लाइन के गेस्ट हाउस में इमरान खान मुलाकात की। जिओ न्यूज के मुताबिक-अल्वी ने खान को उनकी गिरफ्तारी के बाद देश में फैली हिंसा के बारे में बताया। इससे पहले अल्वी ने इमरान खान की गिरफ्तारी पर प्रधानमंत्री शाहबाज को शरीफ को लेटर लिखा था।

### मंत्रिमंडल संग योगी ने देखी 'द केरल स्टोरी'

**लखनऊ, (ब्यूरो।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फ़िल्म'द केरल स्टोरी' देखी। लोकभवन ऑडिटोरियम में फ़िल्म की विशेष स्क्रीनिंग की गई थी। फिल्म के दौरान मुख्यमंत्री पूरे समय मौजूद रहे। यहां मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं और मीडिया के प्रतिनिधि की उपस्थिति रहे। बाद में श्री योगी ने ट्वीट कर फिल्म से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। धर्मांतरण पर आधारित फिल्म को लेकर प्रदेश सरकार ने खास दिलचस्पी जाहिर की है। दरअसल, उप्र में लव जेहाद व धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिए 27 नवंबर 2020 को विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 लागू किया गया था।

## संघ से जुड़े वैज्ञानिक जासूसी में गिरफ्तार

### कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने संघ एवं मोदी पर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- आरएसएस से जुड़े एक नेता के पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े जाने पर नाम लिए बिना संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया और कहा कि राष्ट्रवाद की बात करने वालों की सच्चाई सबके सामने आ गई है।

श्री खडगे ने ट्वीट कर कहा कि जो लोग आए दिन, हम हिन्दुस्तानियों को 'पाकिस्तान जाओ-पाकिस्तान जाओ' कहकर धमकाते हैं। वे अब खुद पाकिस्तान की जासूसी करते पकड़े गये हैं। ये है मैं देश नहीं झुकने दूँगा' वालों के 'राष्ट्रवाद' की सच्चाई। गौरतलब पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के पुणे में एटीएस की एक टीम ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन-डीआरडीओ के निदेशक एवं वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर को पाकिस्तान की एक महिला एजेंट को गोपनीय सूचनाएं भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है श्री कुरुलकर संघ से जुड़े नेता रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि उनका परिवार दो पीढ़ियों से संघ के लिए काम करता रहा है।

### अतीक-अशरफ के शूटर 14 दिन की हिरासत में

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** माफिया से नेता बने अतीक अहमद और पूर्व विधायक भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ हत्याकांड के तीनों आरोपियों को शुक्रवार वीसी के जरिए सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। शासकीय वकील (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को सीजेएम दिनेश कुमार गौतम के समक्ष वीसी के जरिए पेश किया गया। जज ने दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को 14 दिन की 25 मई तक न्यायिक हिरासत का आदेश दिया है।

## 36,000 अप्रशिक्षित शिक्षकों की नौकरी हाईकोर्ट से रद्द

### फैसला

**कोलकाता, (एजेंसी)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को 36 हजार अप्रशिक्षित शिक्षकों की नौकरी रद्द कर दी। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने यह अभूतपूर्व आदेश दिया। कोर्ट ने 36,000 नौकरियों को रद्द करने का आदेश दिया। जिन लोगों की नौकरी समाप्त करने का आदेश दिया गया है, वे अप्रशिक्षित शिक्षक हैं।

तीन माह के भीतर नई भर्ती के आदेश दिये गये हैं। न्यायालय के आदेश के अनुसार जिन शिक्षकों की नियुक्ति 2014 की टीईटी परीक्षा में हुई थी, उन्हें अगले चार महीने के भीतर नौकरी छोड़नी होगी। इससे पहले भर्ती में भ्रष्टाचार के कारण इतनी बड़ी संख्या में कभी नौकरियां रद्द नहीं की गई। भाजपा के नेता एवं वकील तरुणज्योति तिवारी ने नौ साल पहले टीईटी की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उन्होंने यह भी कहा था कि इस पैनल में 42 हजार 500 लोगों को नियुक्त किया गया था और सभी को अवैध रूप से नौकरी नहीं मिली।

कुछ ने परीक्षा देकर योग्यता के आधार पर भी नौकरी पायी है। उन्होंने न्यायालय से अवैध तरीके से नौकरी पाने वालों की जांच करने की मांग की। जस्टिस गंगोपाध्याय ने इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को दिया था। आरोप है कि कईयों को वादियों से कम अंक आने के बावजूद नौकरी दे दी। 2016 की भर्ती प्रक्रिया में पैनल में 824 नाम हैं।

### जवाबदेही तय करना जरूरी: दिल्ली कांग्रेस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली सरकार में अधिकारों को लेकर गुरुवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इस निर्णय के बाद जवाबदेही तय करना जरूरी है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से संघीय ढांचा और मजबूत हुआ है। इस फैसले से लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर आई सरकार को महत्व मिला है और यह भी तय हुआ है कि चुनी हुई सरकार के पास ही अधिकार रहेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि फैसले के बाद दिल्ली में जश्न मनाया, लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि इस दौरान खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब अधिकारियों के दायित्वों को लेकर उनकी मनमानी चलेगी।

### आठ पुलिसकर्मी ड्यूटी से मिले गायब, निलंबित

**रायबरेली, (ब्यूरो)।** नगर निकाय के चुनाव में मतदान के पश्चात मतपेटियो के स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में तैनात आठ पुलिस कर्मियों को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें निलंबित कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि नगर निकाय के चुनाव के पश्चात पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने मतपेटियों को सुरक्षित रखे गए स्ट्रॉन्ग रूम स्थल का आकस्मिक दौरा व निरीक्षण किया जहाँ उन्हें सुरक्षा में नियुक्त आठ पुलिस कर्मी नदारद मिले। मौके पर अनुपस्थिति मिले आठ पुलिस कर्मी कन्हैया लाल, अभय यादव देवेन्द्र सिंह वर्मा, पंकज सिंह, अजय कुमार, विनीत सिंह, अभिषेक भास्कर और मोहित सिरोही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उन्होंने बताया कि राजकीय कर्तव्यों के पालन में घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने के कारण इन आठों पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है।

## शंघाई सहयोग संगठन के देशों में स्मार्ट कृषि को मिली मंजूरी

*कृषि मंत्री तोमर की अध्यक्षता में हुई कृषि मंत्रियों की आठवीं बैठक*



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने स्मार्ट कृषि परियोजना को स्वीकार किया है ।

एससीओ के कृषि मंत्रियों की आठवीं बैठक शुक्रवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में वीसीसे हुई। इसमें भारत, रूस, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान, चीन एवं पाकिस्तान ने भाग लिया। इसमें भारत की अध्यक्षता में, एससीओ के सदस्य देशों ने स्मार्ट कृषि परियोजना को अंगीकृत किया।

श्री तोमर ने स्मार्ट कृषि कार्ययोजना और कृषि में नवाचार की पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोर देश में तकनीक के माध्यम से कृषि के समग्र विकास पर है और इसी दिशा में स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए अनेक ठोस कदम उठाए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने भारत की ओर से एससीओ की बैठक में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारत बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक एवं जन-जन के बीच संपर्क को बढ़ावा देने के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। एससीओ के कृषि मंत्रियों की बैठक आयोजित करना, विशेष रूप से वर्तमान स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण में सहयोग सुदृढ़ करने पर चर्चा करना हमारे लिए प्रसन्नता और गर्व की बात है।

### 10 साल में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के बजट आवंटन में पांच गुना वृद्धि

कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि वर्तमान स्थितियों में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला की सामान्य कार्यपद्धति बनाए रखने के लिए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु विभिन देशों के बीच घनिष्ठ संपर्क और सहयोग की आवश्यकता है। भारत, कृषि क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा नियोक्ता है, जहां हमारी आधी से अधिक आबादी कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों से जुड़ी हुई है, वहीं भारत, अनेक देशों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधियों का प्रतिनिधित्व भी करता है। इसका महत्व इससे भी जाहिर होता है कि देश में वर्ष 2013-14 से 10 साल में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के बजट आवंटन में पांच गुना से ज्यादा वृद्धि हुई है। गत वर्षो के दौरान कृषि क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया, खाद्यान्न उत्पादन के साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा में योगदान देते हुए निर्यात में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की और कृषि एवं सम्बद्ध उत्पादों का निर्यात चार लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली और किसानों के लिए मूल्य समर्थन प्रणाली विश्व में अद्वितीय हैं।

## 68 न्यायिक अफसरों की पदोन्नति पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के 68 न्यायिक अफसरों के जिला न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत करने को गैर कानूनी बताया और इस मामले के कोर्ट के विचाराधीन होने का हवाला देते हुए राज्य सरकार की अधिसूचना पर शुक्रवार को रोक लगा दी।



जस्टिसद्वय एमआर शाह व सीटी रवि कुमार की पीठ ने न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत करने के गुजरात हाईकोर्ट की सिफारिश और इससे संबंधित राज्य सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाने का आदेश दिया। पीठ ने पदोन्नति से विवाद संबंधी अंतिम फैसला आने तक 68 न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नति से पूर्व के पद पर ही बने रहने का आदेश दिया। पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस शाह ने फैसला सुनाते हुए हुए कहा कि संबंधित न्यायिक अफसरों की पदोन्नति का मामला कोर्ट के विचाराधीन है। ऐसे में उनकी पदोन्नति करने की अधिसूचना न्याय संगत नहीं है।

### जरूरी जांच अनिवार्य

जस्टिस शाह की नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में कहा कि न्यायिक अफसरों के पदोन्नति के लिए योग्यता, वरिष्ठता और जरूरी जांच अनिवार्य है। इनकी अनदेखी यह किया जाना गैर कानूनी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से जिन 68 न्यायिक अफसरों की पदोन्नति पर रोक लगी है, उनमें हरीश हसमुख भाई वर्मा शामिल हैं। श्री वर्मा ने मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद श्री गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

# गाजीपुर नगर पालिका में फिर खिला कमल, सरिता अग्रवाल ने लगाया हैट्रिक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले की 3 नगर पालिकाओं तथा 5 नगर पंचायतो की मतगणना आज शनिवार को तहसीलवार अलग अलग स्थानों पर सम्पन्न हुई। सभी मतगणना स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। प्रत्याशियों के समर्थको को मतगणना स्थल से 200 मीटर दूर कर दिया गया था। परिणामों के अनुसार सादात नगर पंचायत से अध्यक्ष पद पर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुमन यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवानन्द को 425 वोटो से हराकर जीत दर्ज की है। नगर पंचायत दिलदारनगर में भाजपा के अविनाश कुमार जायसवाल ने निर्दल प्रत्याशी अली शेर राइनी को 358 वर्षों से पराजित किया है। नगर पालिका मोहम्मदाबाद के अध्यक्ष पद पर समाजवादी पार्टी के मो रईस ने जीत दर्ज की है उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के संदीप गुप्ता को ढाई हजार मतों से पराजित किया। इसी प्रकार जमानिया नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर भाजपा के जयप्रकाश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल गुप्ता को 3518 मतों से हराकर जीत हासिल की है।

## मामूली अंतर से नंबर दो पर रहीं उषा देवी के प्रतिनिधि सखीचंद यादव बैठे धरने पर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूपी नगर निकाय चुनावो के मतगणना में गाजीपुर जिला मुख्यालय के स्वामी सहजानंद डिग्री कॉलेज में मतगणना के दौरान जंगीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्दल प्रत्याशी रुखसाना परवीन की जीत की घोषणा पर दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी उषा देवी के प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता सखीचंद यादव के साथ उनके समर्थक अचानक असंतुष्ट होकर धरने पर बैठ गए। जिसके बाद पुलिस ने हल्के बल प्रयोग के बाद उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। इस बीच असंतुष्ट समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली जिसका लाइव विजुअल कैमरे में कैद भी हुआ। मतगणना स्थल पर अचानक हुए धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस के एक्शन ने स्थिति को संभाल लिया। निर्दल प्रत्याशी रुखसाना परवीन को लगभग 125 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया है। चूंकि मतों का अंतर कम होने से निर्दल प्रत्याशी उषा देवी के समर्थक बैलेट पेपर में धांधली होने की संभावना पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।



## नवोदय के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम





पिंडरा। जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर के छात्र छात्राओं ने भी सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में परचम लहराया। नवोदय के परिणाम जहाँ शत प्रतिशत रहा। वही इंटर की छात्रा अनामिका पटेल ने 95.5 फीसदी तथा सुबस्मिता साहू ने 94.6 फीसदी अंक हासिल किया। हाईस्कूल के आशीष कुमार ने 95. 67 फीसदी , हर्ष वर्मा ने 95 फीसदी तथा अंशिका या दव ने 94.67 फीसदी अंक प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ डी के यादव ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व वैदिक सनातन संघ ने ज्ञानवापी मामले में हाईकोर्ट के आदेश का किया स्वागत

विश्व वैदिक सनातन संघ
VISHWA VEDIC SANATAN SNAGH
Santosh Singh (National President)

प्रखर वाराणसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा ज्ञानवापी मामले में कथित शिवलिंग के साइंटिफिक जांच के आदेश दिए जाने के बाद ज्ञानवापी मामले के पक्षकार विश्व वेदिक सनातन संघ ने स्वागत किया है। बता दें कि जिला कोर्ट से कथित शिवलिंग के साइंटिफिक जांच को खारिज किए जाने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपील की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि बिना शिवलिंग को क्षति पहुंचाए उसकी साइंटिफिक जांच कराई जाए। जिसको लेकर विश्व वैदिक सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि राखी सिंह द्वारा उठाए गए मामले में माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए साइंटिफिक जांच के आदेश से हम संतुष्ट हैं और पूरा समर्थन करते हैं। क्योंकि राखी सिंह की तरफ से रखे गए पक्ष माननीय न्यायालय ने भी प्रमुखता से माना और विग्रह के संरक्षण और क्षति पहुंचाए बिना साइंटिफिक जांच का आदेश दिया है। यह आदेश संतोषजनक है और न्याय हित में है। बिना विग्रह को क्षति पहुंचाए साइंटिफिक जांच से न्यायिक कार्रवाई को उचित गति प्राप्त होगी। बैठक में अजीत सिंह उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रवीण रघुवंशी, विकास शाह, शुभम सिंह, पंकज व सब्बरवाल सहित इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### लक्ष्य पर फोकस होने से मिली सफलता : आस्था सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित किए वाराणसी के सोनिया मुहल्ले में रहने वाली आस्था सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित करके जिले का नाम रोशन किया` कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी आस्था हिम्मत नही हारी और पूरे लगन के साथ 12 -12 घंटे पढ़ाई करती रही आस्था मुकुलारण्यम इंग्लिश स्कूल की छात्रा है और आगे चल के सीए बनने का सपना है` मीडिया से बात करते हुए आस्था ने बताया कि किसी भी काम को हम लक्ष्य बना कर करेंगे तो चाहे कितनी भी चुनौतियों का सामना करना पड़े उसको पार करने की ठान लीजिये और बस अडिग हो कर पूरे मन से अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर आगे बढ़ते रहिए सफलता निश्चित मिलेगी` कोई जरूरी नही की हमे हर सुविधा मिले हम कम से कम सुविधा में भी अपना बेस्ट दे सकते हैं इस सफलता को मैं अपनी दिवंगत नानी समर्पित करती हूँ।

### श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर के सीबीएसई बोर्ड दसवीं व बारहवी के बच्चो ने बढ़ाया विद्यालय का मान




प्रखर दानगंज वाराणसी। सीबीएसई बोर्ड की10वीं एवं 12वीं वर्ष 2023 का परिणाम घोषित किया गया जिसमें श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर वाराणसी का कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के निम्नलिखित बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पास हुए सभी छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। सीबीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 12वी कक्षा की बच्ची अंशिका सिंह 91.8%, कु० शिवानी गौरव 91.8%, शुभी सिंह 90%, साक्षी सिंह 88.4%, जांहवी सिंह 87.8%, अंकित यादव 87.4% के साथ उत्तीर्ण हुए। वही 10 वी में झलक सिंह 92.2%, हरिओम चतुर्वेदी 91.8%, प्रज्ञा यादव 90.8%, शैली पाण्डेय 90.6%,प्रियांशु यादव 90%,प्रतिज्ञा सिंह 89% उत्तीर्ण होकर परिवार सहित विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह व विद्यालय की सहायक निदेशिका दिव्या सिंह ने समस्त अभिभावको शिक्षकों तथा कर्मचारियों को धन्यवाद दिया तथा छात्र एवं छात्राओं को बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### 16 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में नगर निकाय चुनाव की द्दष्टिगत अपराध एवम् अपराधियो के विरूध्द चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल निर्देशन में थाना कासिमाबाद पुलिस टीम द्वारा 01अभियुक्त को नाजायज 16 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता मिली है । उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा मय हमराह के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व नगर निकाय चुनाव की द्दष्टिगत कासिमाबाद चौराहे पर पैदल गस्त कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुकहां से 01 नफर अभियुक्त राजेश प्रताप सिंह पुत्र परमात्मा नन्द सिंह निवासी ग्राम सुकहां थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के कब्जे से 02 गत्ते मे 80 पाउच 200 मिली ब्लू लाइम देशी मसाला नाजायज शराब बरामद किया। अभियुक्त को कारण बताते हुए सायं 9 बजे ग्राम सुकहां से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा थाना कासिमाबाद, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार थाना कासिमाबाद, कांस्टेबल पप्पू सोनकर थाना कासिमाबाद, कांस्टेबल राजेश कुमार थाना कासिमाबाद, महिला कांस्टेबल शांति पाण्डेय थाना कासिमाबाद गाजीपुर शामिल रहे।

## केराकत नपं अध्यक्ष की कुर्सी पर निर्दल प्रत्याशी ने किया कब्जा

### नगर पंचायत का सर्वांगीण विकास मेरा उद्देश्य : ज्योति जायसवाल



प्रखर केराकत जौनपुर। प्रदेश में नगर पंचायत चुनाव की मतगणना शनिवार की शाम सकुशल संपन्न करा लिया गया प्रदेश भर पार्टी प्रत्याशी के अलावा निर्दल प्रत्याशियो का दबदबा देखने के साथ ही कही खुशी कही गम का माहौल रहा। केराकत नगर पंचायत की अगर बात करे तो नगर अध्यक्ष के लिए ग्यारह व सभासद के लिए 61 प्रत्याशियो की बैलेट पेपर से चुनाव हुआ जिसमें बंद किस्मत का पिटारा शनिवार को खुला। मतगणना के पहले राउंड में ही निर्दल प्रत्याशी ज्योति जायसवाल ने 1080 वोट पाकर अपनी बड़त बनाते हुए चौथे व आखिरी राऊंड में रिकार्ड 2327 वोट पाकर दूसरे नंबर रही सपा प्रत्याशी मीना साहू को पछाड़ कर 1006 वोट अधिक पाकर केराकत नगर अध्यक्ष की कुर्सी पर अपना कब्जा जमाया वही अगर भाजपा प्रत्याशी गीता जायसवाल की बात करे तो वह 450 वोट पाकर नगर अध्यक्ष की रेस में छठवें स्थान पर रही।जबकि दूसरे स्थान पर 1321वोट पाकर सपा प्रत्याशी मीना साहू रही,तीसरे स्थान पर सरिता गुप्ता को 1137 मत मिले,चौथे स्थान पर 757 वोट निर्दल प्रत्याशी अफसाना को मिले जबकि मीनू सेठ 494 वोट पाकर पांचवा स्थान प्राप्त करने ने सफल रही।वही अगर 61 सभासदों में एस सपा प्रत्याशी कायम खान,बेकलाल सोनकर नालापार प्रथम,रविंद्र यादव नरहन द्वितीय,फिरोज खान नरहन तृतीय,राजेश साहू वार्ड नं 6,सरिता गुप्ता नरहन प्रथम, असरोज अहमद वार्ड नं 8, आत्मा बेगम मेहंदी तला वार्ड नं 4,मंजू देवी नालापार द्वितीय, ऊषा गुप्ता गोलावर्ड व मनोज यादव शेखजादा से विजयी रहे। मतगणना को देखते हुए मतगणना स्थल पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही क्षेत्राधिकारी,प्रभारी निरीक्षक चक्रमण करते नजर आये तो वही जिलाधिकार व पुलिस अधीक्षक भी मतगणना स्थल पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायदा लेते हुए अधिकारियो को मतगणना ने किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो साथ ही शांतिपूर्ण मतगणना करवाने के निर्देश दिए।

## जंतर मंतर पर धरना दे रहे महिला पहलवानों के समर्थन में जाएंगे 15 सदस्य



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जंतर मंतर दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर बैठी महिला पहलवानों के समर्थन में 15 सदस्य जनक कुशवाहा के नेतृत्व में 14 मई को गाजीपुर से रवाना होंगे। इस टीम में बुद्धिजीवी, समाजसेवी सम्मिलित होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई।बताते चलें जनक कुशवाहा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सचिव हैं।वह 2017 में मोहम्मदाबाद विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। बैठक के दौरान डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा बिल्कुल खोखला साबित हुआ है। महिला पहलवानों ने पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उस समय केंद्र सरकार ने उनके सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए। महिला खिलाड़ियों के जरिए देश के गौरव बढ़ने की बात कही गई। लेकिन आज की तारीख में वही महिला पहलवान जंतर मंतर पर अपने आत्म सम्मान के लिए धरने पर बैठने को विवश हैं। सांसद बृजभूषण सिंह पर इन देश की बेटियों ने सेक्सुअल हरासमेंट का आरोप लगाया है और उनके गिरफ्तारी की मांग के लिए धरने पर बैठी हैं। कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज किया गया परंतु अभी तक धारा 164 में उनका बयान नहीं लिया गया। सरकार महिलाओं के प्रति बिल्कुल असंवेदनशील हो गई है। यही कारण है कि इन बेटियों के सम्मान के लिए गाजीपुर जनपद से टीम जाकर समर्थन करेगी। साथ ही आरोपी पर उचित कार्रवाई जब तक नहीं होगी धरने में सम्मिलित रहेंगे।इस अवसर पर आलोक यादव, संदीप विश्वकर्मा, मोहम्मद राशिद, रघुनाथ राय, चंदन वर्मा, सावित्री देवी, मनोरमा कुमारी, विनीता वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाकपा माले के एरिया कमेटी की बैठक जखनियां पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाकपा माले एरिया कमेटी की बैठक आज शनिवार को जखनिया कस्बा में स्थित पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा ने कहा कि आज नगर चुनाव से लेकर देश के अन्य हिस्सों में हुए चुनाव उसके नतीजे ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता ने भाजपा को करारी टक्कर दिया है। यह सन्देश 2024 में भाजपा की बिदाई का है। भाजपा सरकार देश की जनता के लिए बिपत्ति के रूप में साबित हुई हैं। जिसके खिलाफ जन संदेश आना शुरू हो गया। प्रदेश में पुरी तरह कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, आए दिन हत्याये जारी है। दिल्ली में जंतर मंतर पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण के खिलाफ आन्दोलन चला रही है सरकार सुनने को तैयार नहीं है। किसानों मजदूरों की लगातार हालत बिगड़ती जा रही है। खेती में लागत मूल्य लगातार बढ़ता जा रहा है। मजदूरों को कोई काम की गारंटी नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 08 जून को दिलदारनगर में विशाल किसान मजदूर पंचायत में यहां से सैकड़ों किसान मजदूर भाग लेंगे और 19 मई को जिला मुख्यालय पर धरना में भी भाग लेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से कामरेड शशीकांत कुशवाहा, गुलाब सिंह, लालबहादुर बागी, हंसा देवी, निर्मला देवी, रामबृक्ष कुशवाहा आदि लोगों ने भाग लिया और सम्बोधित किया।

### हज यात्री कृपया ध्यान दें इन तिथियों को होगा टीकाकरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर ने बताया है कि विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी हज 2023 में जाने वाले यात्रियों को टीकाकरण कर प्रमाण पत्र दिया जाना है। उक्त के क्रम में निम्न विवरण के अनुसार हज यात्रियों को टीकाकरण हेतु कैम्प का आयोजन किया जाना है। हज यात्रियो का टीकाकरण निर्धारित तिथि को प्रातः 09 बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। हज यात्रियों का टीकाकरण डा0 सुजीत कुमार मिश्रा उप मुख्य चिकित्साधिकारी/जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के द्वारा अपने निर्देशन में कराया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। हज यात्रियों द्वारा टीकाकरण की तिथि 16 मई 23 को मदरसा अजीमिया उस्लामिया, तुलसिया का पुल गाजीपुर में, दिनांक 17 मई 23 को मदरसा मखजनुल उलूम, दिलदारनगर में एवं दिनांक 18 मई 23 को मदरसा अरबिया अन्सारिया, यूसुफपुर में टीकाकरण का कार्य किया जायेगा।

## अपने पैतृक गांव पहुचे योग गुरु, पहनाई वियतनामी टोपी

### ब्रह्मकुमार योग गुरु अजितानन्द कृष्णा से दीक्षा पाकर बच्चों के खिले चेहरे, हरिओम योगा संस्थान की योगिनी निक्की मद्देशिया ने जताया आभार



प्रखर कुशीनगर। हरिओम योगा संस्थान की ओर से आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग गुरु ब्रह्मकुमार अजितानन्द कृष्णा से प्रशिक्षण ले रहे बच्चों ने दीक्षा ली, बाद में उन्होंने बच्चों को वियतनामी टोपी पहनाकर योग का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगो को निरोग रखने का संकल्प दिलाया। अपने बीच वियतनाम से पधारे योग गुरु को पाकर बच्चे हर्षित दिखे और आशीर्वाद लिया। शनिवार की सुबह हरिओम योगा संस्थान जोकवा बाजार के तत्वावधान में योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था कि वियतनाम में रहकर योगा का प्रचार प्रसार कर रहे योग गुरु ब्रह्मकुमार अजितानन्द कृष्णा जो अपने परिजनों से मिलने अपने घर जोकवा बाजार आये है, जो योगा प्रशिक्षण स्थल पहुचे और प्रशिक्षणार्थियों को दीक्षा देने के साथ ही आवश्यक जानकारी व सुझाव दिया और वियतनाम की टोपी पहनाते हुए आशीर्वाद देते हुए कहा कि यहां पर योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखकर बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही हैं, हर किसी को अपनी मातृभूमि से लगाव होता हैं, और हमारी भी इच्छा होती हैं कि मेरी मातृभूमि के लोग भी योग को अपनाए और निरोग रहने का संकल्प ले। लोग अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर रहे हैं जो भारत के लोगों को स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है, हरिओम संस्था का कार्य बहुत ही सराहनीय हैं। संस्था की योगिनी निक्की मद्देशिया ने उनका आभार जताते हुए बताया कि मेरे द्वारा बिगत दो वर्षो से निःशुल्क योगाभ्यास कराया जाता है, वही धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों में भी कैम्प लगाकर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे अनेको लोग लाभान्वित हो रहे हैं और योगा को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने योग गुरु से कुछ दिन संस्था के बच्चो को दीक्षा देने का आग्रह किया, तो उन्होंने अगले बार आने पर समय देने का वचन दिया।

## अमीहित गांव में 21 लाख रुपए की चोरी

### चोरों ने 20 लाख रुपए के आभूषण सहित 1 लाख का सामान पार किया



प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के अमिहित गांव में बीती रात चोरी हो गई। चोर विवेक सिंह के घर से 20 लाख के सोने चांदी के गहने और करीब एक लाख रुपए के बर्तन और कपड़ा उठा ले गए। चोरी की रात विवेक घर में ताला लगाकर बारात गए थे। सबेरे घर पहुंचे तब चोरी का पता चला। सूचना पर सरकी पुलिस चौकी के प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। घर से करीब चार सौ दूर कुछ बिखरा पड़ा हुआ पेपर्स और सामान बरामद हुआ है। विवेक ने बताया कि चोर छत के रास्ते आंगन में उतर गए और सभी कमरों को खंगाल कर माँ गीता देवी, पत्नी अदिति सिंह और चाची पिंकी सिंह के सोने चांदी के सभी गहने उठा ले गए। इसके अलावा पीतल और फूल के बर्तन कीमती कपड़े भी समेट ले गए। विवेक ने केराकत थाना में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में गहनों की कीमत 20 लाख रुपए और बर्तन तथा कपड़ों की अनुमानित कीमत एक लाख रुपए समेत कुल 21 लाख रुपए लिखी है। पुलिस ने पीड़ित से गहनों की रसीद मांगी है।

### कर्नाटक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

प्रखर बदलापुर जौनपुर। कांग्रेस पार्टी के पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस शार्दूल सम्राट सिंह एवं युवा कांग्रेस के नेता आदर्श उपाधयाय सोनू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की कर्नाटका में पूर्ण बहुमत मिलने पर बदलापुर चौराहे पर मिठाई खिलाकर लोगो से खुशी का इजहार किया।उक्त अवसर पर सिंह ने कहा की राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की गहरी तपस्या का परिणाम है की आज कर्नाटका की देवतुल्य जनता का आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी को मिला है साथ ही चुनावी परिणाम ने यह साबित कर दिया है की कोई भी दल, किसी भी धर्म की मूल भावना से खिलवाड़ नहीं कर सकता हमारे आराध्य बजरंग बली के नाम पर ये देश राजनीति पसंद नहीं करेगा। कर्नाटका की जनता ने ४० % कमीशन खोरों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है जिसके लिए पूरे देश की ईमानदार जनता कर्नाटका के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करती है ऐसा हमे विश्वास है आने वाले समय में राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी एवं सोनिया गांधी व राहुल गांधी जी के नेतृत्व में पार्टी 2024 में केंद्र में वापसी करेगी इस अवसर पर चंद्रशेखर तिवारी सुरेन्द्र शर्मा,राजेश कन्नोजिया,अंकित शुक्ला,सुजीत सिंह,अन्य कोई लोग उपस्थित रहे।

## बर्षा तिवारी दिखा रही महिलाओं को रोजगार की राह



प्रखर कुशीनगर। मन में कुछ करने का हौसला हो तो आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने पर मंजिल को पाया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है नारी शक्ति वर्षा तिवारी ने। परिवार के सदस्यों को विश्वास में लेकर खुद बैंक सखी बन अपने पैरों पर खड़ी हुई हीं, अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रोजगार से जोड़ दिया। इनकी यह मुहिम लगातार जारी है। कुशीनगर जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र की वर्षा तिवारी ने घर की खराब आर्थिक स्थिति से परेशान होकर घर की दहलीज से बाहर निकली और कड़ी मेहनत के साथ ही आत्मनिर्भर बनने का प्रयास शुरू किया तो रुपए की कमी आड़े आने लगी। उन्होंने फिर भी हार नहीं मानी और अन्य महिलाओं से सरकारी योजना आजीविका मिशन की जानकारी हासिल की। इसके बाद महिला समूह का गठन कर उनको प्रशिक्षित करना व अन्य महिलाओं को आजीविका संवर्धन कराना शुरू कर दिया। अनेको महिलाओं को समूह से जोड़कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से लाभान्वित करा चुकी हैं। खुद के मन में बैंक सखी बनने की इच्छा हुई तो इन्होंने बीसी सखी की परीक्षा भी पास कर ली। वर्षा बताती हैं कि ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए शुरू में कुछ परेशानियां आती हैं, लेकिन सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेकर उनकी राह आसान हो जाती है। इसीलिए ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभियान चला रही हैं।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं